'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 155 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 21 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

भारत बंद के आह्वान पर फरीदाबाद पुलिस की एडवाइजरी



Page 3

### त्यौहार नजदीक आने पर सक्रिय नहीं हो रहा फूड सेफ्टी विभाग, घेवर बना जानलेवा

# सो रहा फूड सेफ्टी विभाग, घेवर खाकर 100 बीमार

### दुकान पर जाकर लोगों ने किया हंगामा, तो पुलिस और फूड एंड सेफ्टी विभाग ने मौके से लिया सैम्पल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** दीपावली और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों में मिलावटी मिठाई तैयार करने के लिए यह लोग करीब दो महीने पहले से जुट जाते हैं। मिठाई में इस्तेमाल किये जाने वाले खोये की बड़ी खेप उत्तरप्रदेश और आसपास के जिलों से यहां आनी शुरू हो जाती है। सीमाओं के अलावा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की चौकसी रहने के बावजूद मिलावटी खोया, पनीर और अन्य चीजें मिलावट खोरों के ठिकानों तक कैसे आसानी से पहुंच जाती है, यह सभी की समझ से दूर है। पुलिस की तरफ से एक आध बार ही इन मिलावटी चीजों को रास्ते में पकड़ा जाता है।

वहीं दूसरी तरफ सरकार ने खाद्य सामाग्री में मिलावट करने वालों की लगाम कसने के लिए अलग से फूड सेफ्टी ऑथोरिटी का गठन किया था। लेकिन यह विभाग दीपावली अथवा अन्य त्योहार नजदीक आने के बाद ही नींद से जागता है। लेकिन इस बार विभाग की नींद ही नहीं खुली, जिसके कारण तिगांव इलाके में एक दुकान का घेवर खाकर आधा दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हो गए। जिस पर मुकेश मिष्ठान भंडार नामक दुकान पर लोगों ने हंगामा कर दिया। पुलिस को सूचना मिली, तो वह भी मौके पर पहुंच गई। जिस पर फूड एवं सेफ्टी विभाग ने जांच के लिए घेवर का सैम्पल जांच के लिए भरा है।



(मुकेश मिष्ठान भंडार के बाहर मिलावटी घेवर के संग लोग: फोटो ओमप्रकाश पंचाल)



(चिकित्सक से दवाई लेने के लिए क्लीनिक में लगी लोगों व बच्चों की भीड: फोटो ओमप्रकाश पंचाल)

### अंतिम समय पर लेते हैं सैम्पल:

दिवाली और आसपास पड़ने वाले त्यौहारों को लेकर मिलावट खोर कई महीने पहले ही सक्रिय हो जाते हैं। जिले की आबादी को देखते हुए दो तीन महीने पहले यहां खोया और अन्य मिलावटी चीजों की भारी खेप पहुंचने के बाद मिठाईयां बननी शुरू हो जाती है। लेकिन जिला फूड सेफ्टी ऑथोरिटी के अधिकारी जानबूझ कर ऐन व पर नींद से जागते हैं। दिवाली से चंद दिन पहले मिठाई और अन्य चीजों के सैम्पल लिए जाते हैं। इस साल भी विभाग का यहीं हाल रहा है। विभाग ने रक्षाबंधन और हरियाली तीज पर सैम्पलिंग नहीं की। जिस कारण तिगांव इलाके में मौजूद मुकेश मिष्ठान भंडार पर बिक रहे मिलावटी घेवर को खाकर आधा दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हो गए। हंगामा होने पर मंगलवार को रक्षाबंधन के बाद फूड डिपार्टमेंट ने सैम्पल भरा।

### कैसे पहुंचती है मिलावटी चीजें:

मिलावट खोर त्योहारों से करीब दो से तीन महीने पहले ही सक्रिय हो जाते हैं। जिले में तो मिलावटी खोया तैयार करते ही हैं, साथ ही बड़े पैमाने पर खोया उत्तरप्रदेश, पलवल, मेवात और अन्य जिलों से यहां लाया जाता है। भारी मात्रा में खोया और अन्य मिलावटी चीजें बिना किसी रोकटोक के मुनाफा खोरों तक पहुंच जाती हैं। जबकि जिले की सीमाओं के साथ सभी चौक चौराहों पर पुलिस कर्मचारी तैनात रहते हैं। वहीं आबकारी एवं काराधान विभाग की गाड़ियां भी इधर से उधर घूमती रहती हैं। लेकिन इसके बावजूद मिलावटी खोया और अन्य सामाग्री से भरी गाड़ियां किसी को नजर नहीं आती। त्योहारों के अलावा आम दिनों में भी शहर में बड़े पैमाने पर मिलावटी पनीर और अन्य चीजें आसानी से पहुंच जाती हैं। जिन्हें दुकानदार बेच कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ सरेआम खिलवाड़ कर रहे हैं।

### नहीं होती कार्रवाई:

सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने नवंबर 2020 को कुछ मसाले के सैम्पल लेकर फूड सेफ्टी के अधिकारी को जांच के लिए दिए थे। अधिकारी ने लापरवाही बरतते हुए इन सैम्पलों को जांच को भेजने की बजाए अपनी निजी गाड़ी में रखकर छोड़ दिया। यह बात सीएम फ्लाइंग के संज्ञान में आने पर संबंधित अधिकारी ने आनन फानन में सैम्पल एक दिसंबर को जांच के लिए भेज दिए। सीएम फ्लाइंग ने इस अधिकारी का बयान तो ले लिया था। लेकिन आगे की कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी कड़ी में सीएम फ्लाइंग द्वारा बल्लभगढ़ में करीब 5200 किलोग्राम मिलावटी देशी घी की खेप पकड़ी गई थी। लेकिन उस समय फूड सेफ्टी में तैनात इसी अधिकारी ने मिलावटी घी गायब कर दिया। इस अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला तो दर्ज किया गया है। लेकिन इसकी गिरफ्तारी आज तक नहीं हुई। वहीं मंगलवार को भी फूड विभाग ने लोगों के हंगामें के बाद सैम्पल तो जांच के लिए ले लिया, लेकिन उस पर एक्शन कब होगा, यह कोई नहीं जनता।

### लोगों का कथन:

मंहगी मिठाई लेकर गए थे, त्योहार पर, जहां जहां मिठाई भेजी है, वह सभी बीमार हैं। महंगा मिला, लेकिन बीमार हो गए, तो दुकान पर आए हैं। शिकायत करने पर पानी में खोया बहा दिया दुकानदार ने। यह बात मौके पर हंगमा कर रहे लोगों ने कही। उन्होंने बताया कि सरपंच को जब बताया, तो सरपंच के पहुंचने पर उन्होंने खोये को तलाब पर बहा दिया। रात को करीब डेढ़ से दो बजे के बीच बच्चों की तबीयत बिगडनी शुरू हो गई। लोग बीमार हो गए हैं, लेकिन कुछ का व्रत होने के कारण लोग बच गए। वहीं लोगों ने बताया कि लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन होने के बाद भी गांव में मिलावटी घेबर खाकर लोग बीमार हो गए। लोगों ने बताया कि उनके परिजन फूड पोइजनिंग के शिकार हो गए हैं।

## हुड्डा की नीति ठीक नहीं, नीयत खराब, नेतृत्व में गड़बड़, दम है तो बुजुर्गों के बीच जाकर हिसाब दें : मुख्यमंत्री

### म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली से मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र हुड्डा को ललकारा

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/नारायणगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने घर नारायणगढ़ में म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली से भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ललकारा। सैनी ने कहा कि हुड्डा में दम है तो बुजुर्गों के बीच जाकर हिसाब दें और बताएं कि बुजुर्गों को 500 रुपये पेंशन के लिए किस तरह धक्के खाने पड़ते थे। सिर्फ 500 रुपये पेंशन के लिए सरकारी कार्यालयों में घंटों लाइन में लगना पड़ता था। अब हुड्डा बोल रहे हैं कि पेंशन 6 हजार रुपये कर देंगे, वे 10 साल मुख्यमंत्री रहे, जब उन्होंने पेंशन क्यों नहीं बढ़ाई। दरअसल हुड्डा की नीयत खराब है और नीति भी ठीक नहीं। कांग्रेस का नेतृत्व भी गलत लोगों के हाथों में है, ये कांग्रेसी तो मंच पर ही जूतमपैजार हो जाते हैं। जिस पोर्टल से घर बैठे 3 लाख 23 हजार बुजुर्गों की पेंशन बनी हैं, ये उसी पोर्टल को खत्म करने की बात करते हैं। जब ये पोर्टल खत्म करने की बात करते हैं तो इनके मुंह से भ्रष्टाचार की बदबू आती है। ऐसे लोग हमसे हिसाब मांग रहे हैं, जिनके बही-खाते खराब पड़े हैं। हुड्डा लोगों को बरगलाकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। आज हम देश में सबसे ज्यादा 3 हजार रुपये पेंशन बुजुर्गों को दे रहे हैं।

जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह भी कहा कि भाजपा को किसानों की चिंता है। नारायणगढ़ में किसानों के लिए कॉपरेटिव शुगर मिल बनाया जाएगा, इसके लिए पंचायत ने जमीन भी दे दी है और 4 अक्टूबर के बाद भाजपा की सरकार बनते ही काम शुरू हो जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि मैं नारायणगढ़ में पैदा हुआ और यहां की सरदारी को नतमस्तक करता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि नारायण गढ़ में ही नहीं बल्कि अंबाला की सभी चारों विधानसभाओं में आपके आशीर्वाद से कमल खिलेगा। सैनी ने कहा कि जनता के प्यार से तय हो गया है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन रही है।

इस मौके पर परिवहनमंत्री असीम गोयल, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान, महिला नेत्री सुमन सैनी, सुरेंद्र राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, राजेश बतौरा, विवेक गुप्ता, सतीश धीमान, जसविंद्र सिंह, नरेंद्र राणा, राजू मक्कड़, अमित वालिया, जगदीप कौर, राजेश लाडी, रणदीप सैनी, मंगू राम शर्मा, रिंकी वालिया, आहना गुप्ता, संजू महात्मा, पवन गुर्जर, राजबीर बराड़ा, प्रीतपाल कौर और मदन चानना आदि मौजूद रहे।





## हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए प्रदेश में बनाए गये 20629 पोलिंग बूथ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल

**प्रदेश के दो करोड़ से अधिक मतदाता कर सकेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग**

**उम्मीदवार के चुनावी खर्च की सीमा होगी 40 लाख रूपये**

**उम्मीदवारों को अपराधिक पृष्टभूमि की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा विधानसभा के आम चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके लिए 5 सितम्बर, 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने यह बात आज यहां पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन पत्र 12 सितम्बर, 2024 तक भरे जा सकते हैं, 13 सितम्बर, 2024 को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, 16 सितम्बर, 2024 तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। प्रदेश में मतदान 1 अक्तूबर, 2024 को होगा और मतगणना 4 अक्तूबर, 2024 को होगी।

उन्होंने बताया कि 27 अगस्त, 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि पहली जुलाई, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वे सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क करें और निर्धारित फार्म भरकर अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि वोट बनवाने की तिथि को वर्ष में चार बार किया गया है जो पहले हर वर्ष 1 जनवरी को अर्हता तिथि निर्धारित थी, लेकिन अब 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर को वोट बनवाने की तिथि निर्धारित की गई है। फिर भी अगर 27 अगस्त को प्रकाशित विशेष संसोधित मतदाता सूची में नाम नहीं है तो वे बीएलओ से सम्पर्क कर फार्म 6 भरकर अपना वोट बनवा सकते हैं। नामांकन पत्र लेने की अंतिम तिथि 12 सितम्बर है, अंतिम तिथि से 10 दिन पहले यानि 2 सितम्बर तक वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2,03,27,631 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें से 1,08,19,021 पुरूष, 95,08,155 महिलाएं और थर्ड जेंडर 455 मतदाता है। उन्होंने बताया कि 18 से 19 आयु वर्ग के 4,82,896 युवा मतदाता है। इसी प्रकार, 1,49,387 दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक आयु के 2,42,818 मतदाता हैं। इसके अलावा, 100 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 9,554 है। इसी प्रकार, 20 से 29 आयु वर्ग के 41,52,806 मतदाता है।

श्री पकंज अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में इस बार 20629 पोलिंग बूथ होंगे, जिसमें से शहरी क्षेत्र में 7132 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 13497 पोलिंग बूथ होंगे। यह पोलिंग बूथ प्रदेश के 10495 स्थानों पर बनाए गए है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 90 विधानसभा क्षेत्र है जिनमें से 17 विधानसभा क्षेत्र आरक्षित है। इसके अलावा, उम्मीदवार चुनाव में 40 लाख रूपये तक खर्च कर सकता है, इसके लिए उसे अलग से बैंक खाते की जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से जानकारी देनी होगी।

इसके अलावा, चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनैतिक पार्टियों को अपने उम्मीदवारों की अपराधिक पृष्टभूमि की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी, जो उन्हें समाचार पत्रों व टीवी न्यूज चैनल पर 3 बार प्रकाशित करवानी होगी। यह 16 अगस्त से 30 सितम्बर तक देनी होगी। इसके अतिरिक्त, राजनैतिक पार्टियों को इनकी जानकारी अपनी अधिकारिक वैबसाइड पर देनी होगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार चुनावी रैली, रोड शो, हेलीपैड इत्यादि के लिए अनुमति सुविधा ऐप्प के माध्यम से ले सकता है। इसके अतिरिक्त, केवाईसी ऐप्प के माध्यम से मतदाता अपने उम्मीदवार की पृष्टभमि के बारे जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा, दिव्यांगजन मतदाताओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए सक्षम ऐप्प बनाया गया है।

## सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक

### राज्यसभा चुनाव के लिए की गई रणनीति तैयार



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा उपचुनाव को लेकर सभी विधायकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किरण चौधरी को भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा राज्यसभा उम्मीदवार घोषित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के अलावा भाजपा के विधायक मौजूद रहे।

**विधायक दल की बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर भी हुआ मंथन**

**किरण चौधरी को राज्यसभा उपचुनाव प्रत्याशी घोषित करने पर सीएम सैनी ने दी बधाई**

**विधायक दल की बैठक में विधानसभा चुनाव सह प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब भी रहे मौजूद**

सीएम आवास पर पर हुई बैठक में विधायकों के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राज्यसभा उपचुनाव को लेकर रणनीतिक चर्चा की। 3 सितंबर को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर पूरी रणनीति तैयार की गई। विधायकों के साथ हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किरण चौधरी की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव को लेकर भी मंथन हुआ। हरियाणा में 1 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से बारी- बारी उनके विधानसभा क्षेत्रों के बारे में पूरी जानकारी ली। इस दौरान विधायकों ने भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों का पूरा ब्यौरा सीएम सैनी के सामने रखा। विधानसभा अनुसार हो रही मुख्यमंत्री नायब सैनी की नॉन स्टॉप हरियाणा रैलियों को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक दल की बैठक में विधायकों ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को लेकर जनता में खुशी है। जनता फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए तत्पर हैं। नायब सैनी की कार्यशैली और थोड़े से समय में ही की गई घोषणाओं तथा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों ने सभी वर्गों का दिल जीता है। एक सुर में सभी नेताओं ने तय किया कि आगामी दिनों में भी हरेक विधायक अपने-अपने क्षेत्रों जनसंपर्क तेज करेंगे और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करेंगे।

## किरण चौधरी का इस्तीफा मंजूर



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने हरियाणा विधानसभा में 58-तोशाम विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्रीमती किरण चौधरी का इस्तीफा 20 अगस्त, 2024 से स्वीकार कर लिया है। श्रीमती किरण चौधरी ने हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अब हरियाणा विधानसभा में 58-तोशाम विधानसभा क्षेत्र 20 अगस्त, 2024 (दोपहर पहले) से रिक्त हो गया है। हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट के लिए होना है उपचुनाव

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्यसभा के लिए एक सदस्य के निर्वाचन के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम जारी किया गया है। नामांकन पत्रों के फॉर्म हरियाणा विधानसभा सचिवालय से सहायक रिटर्निंग अधिकारी व उप सचिव श्री गौरव गोयल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एवं राज्यसभा के उपचुनाव 2024 के लिए रिटर्निंग अधिकारी डॉ. साकेत कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचन होने उपरांत यह सीट खाली हुई हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन किसी भी उमीदवार या उसके प्रस्तावक द्वारा 21 अगस्त 2024 तक (अवकाश के दिनों को छोडकर) किसी भी कार्यदिवस में सेक्टर-1 स्थित चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा सचिवालय में रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जमा करवाया जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की समीक्षा 22 अगस्त को प्रातः: 10 बजे की जाएगी। 27 अगस्त तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं, यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 3 सितंबर 2024 को हरियाणा विधानसभा सचिवालय में प्रात 9 से सायं 4 बजे तक होगा।

## होडल के गांव सौंध में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में किया पौधारोपण



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय सौंदहद में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने नीम, बड, पीपल, पापड़ी, अनार, जामुन आदि के दर्जनों पौधे लगाए। इस अवसर पर मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन के अलावा भरपूर मात्रा में फल व छाया भी प्रदान करते हैं। इस लिए हमें एक पौधा तो जरूर लगाना चाहिए पेड़ लगाकर हमें उसकी देखभाल करनी जरूरी है अतः हमें पेड़ पौधे लगाकर बड़े होने तक उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।कार्यक्रम में फतेह राम शर्मा, राजकुमार, रेखा रानी, श्रुति, प्रेमलता आदि अध्यापक-अध्यापिकाओं के अलावा प्रियंका, हिमांसी, काजल करिश्मा, शीतल, गीता आदि छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## होडल: थाना हसनपुर पुलिस ने गांव माहौली में हुए विष्णु मर्डर केस मे शामिल मुख्य आरोपी पर कसा शिकंजा।

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

हसनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव कुमार के अनुसार पुलिस को मृतक के भाई महेश कुमार ने दी शिकायत में बताया कि बीती 14 अगस्त को दोपहर के दो बजे वह अपनी बाइक से और उसका भाई विष्णु स्कूटी से माहोली स्थित खेत पर जा रहे थे। माहोली पहुंचते ही माहोली के रहने वाले राधा, श्याम लाल, बहीन के रहने वाले देशराज, वेदराम व तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों ने कार से उनका रास्ता रोक लिया। इस दौरान दो बाईकों पर सवार होकर कुछ व्यक्ति भी मौके पर आ गए, जिनके नाम माहोली के रहने वाले श्यामलाल, कृष्ण, राकेश, मीसा का रहने वाला धर्मेंद्र, कोराली का रहने वाला अमित, हसनपुर के रहने वाले प्रवीण, रवि थे। आरोपितों के हाथ में हथियार थे। आरोपित श्यामलाल ने उसके भाई विष्णु की कनपटी पर जान से मारने की नीयत से कट्टा लगा दिया और जेब से रुपए एवं सोने की चेन लूट ली। जब दोनों भाइयों ने इसका विरोध किया तो उन पर कुल्हाड़ी से वार किए गए। आरोपितों ने हाथ में लिए हथौड़ों से उसके भाई विष्णु पर कई बार वार किए, जिससे विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपितों ने उसके भाई विष्णु पर डंडा-फरसा से भी हमला किया। शिकायतकर्ता के अनुसार इस दौरान उसके छोटे भाई सूरज का उसके पास फोन आया और उसने हमले की सूचना उसे दी। इसके बाद स्वजन मौके पर आए तो उन्हें देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए। आरोपित जाते-जाते उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गए। इसके बाद वह विष्णु को गंभीर हालत में लेकर जिला नागरिक अस्पताल गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हसनपुर थाना पुलिस ने मामले में दस नामजद लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंप दिया। प्रभारी थाना ने आगे बतलाया की मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी महोदय के कुशल निर्देशन में उनके नेतृत्व में टीम तथा एवीटी हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया टीम के ज्वाइंट ऑपरेशन में पुलिस ने हत्या वारदात मे शामिल गांव माहौली निवासी मुख्य आरोपी कृष्ण को होडल क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश को लेकर इस हत्याकांड मे शामिल होना बतलाया।

आरोपी को वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करने हेतु आज पेश अदालत कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है। मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सोहना के 66 केवी में लगी आग पूरा शहर ब्लैकआउट

सोहना व आसपास की सोसाइटी में पूरी तरह अंधेरा तेज ब्लास्ट के साथ पावर हाउस के इन कमर में लगी आग सोहना की चुंगी एक के समीपसिथित 66 केवी पावर हाउस में बने इंकमर में सोमवार को रात आठ बजे अचानक आग लग गई। पवार हाउस एक बड़ा धमाका हुआ। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। इससे बिजली की मेन केबल भी जल गई। इससे सोहना कस्बा व गाँव के कई हिस्सें की बिजली सप्लाई ठप हो गई। पावर हाउस में आग लगने के बाद वहां तैनात कर्मचारियों ने पावर हाउस में लगे आग के उपकरणों का उपयोग कर आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया ।फायर कर्मियों ने बताया कि उन्हें किसी भी तरह की सूचना नहीं दी गई ।कर्मचारियों ने एक 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।आग किस तरह लगी इसका कोई भी खुलासा नहीं हो सका

यह एरिया रहे प्रभावित।

66 केवी ट्रांसफार्मर को आग लगने से

सोहना शहर आसपास लगती सोसायटी एमवीएन, जी एल एस लोहटकी , सिरसका, धुनेला व रोज का मेंव औद्योगिक क्षेत्र का 33 केवी व कुछ हिस्सों में बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। खबर लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। मौके पर बिजली कर्मचारियों की टीम पावर हाउस को दुरुस्त करने में लगी हुई थी एचवीपीएन के एसएससी सुभाष ने बताया कि ब्लास्ट के साथ इन कमर में आग लगी है ।जिस कारण बिजली कुछ घंटे के लिए प्रभावित होगी लेकिन जल्द ही इसे दुरुस्त कर दिया जाएगा

## विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार की चुनाव खर्च सीमा होगी 40 लाख रुपए - उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

अनिल मोहनियां नूंह



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि पहली अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार व राजनीतिक पार्टी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालना करना अनिवार्य है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए एक उम्मीदवार को सिक्योरिटी डिपॉजिट के तौर पर दस हजार रुपए की राशि जमा करवानी होगी। अनुसूचित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह राशि पांच हजार रुपए होगी। सिक्योरिटी डिपॉजिट नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चेक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नामांकन प्रक्रिया के बारे बताया कि चुनाव की घोषणा के उपरांत जिला में चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। अब 5 सितंबर से नूंह, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। रविवार 8 सितंबर को अवकाश के दिन नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि नामांकन पत्र 12 सितंबर तक भरे जा सकते हैं। इसके बाद 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 16 सितंबर को दोपहर तीन बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। उसी दिन तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी (आरओ), सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। साथ ही, आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन लाने की अनुमति होगी।

उपायुक्त ने बताया कि चुनाव खर्च की एक उम्मीदवार के लिए 40 लाख रुपए तक सीमा निर्धारित की गई है। उम्मीदवार को अपने चुनाव का पूरा लेखा-जोखा रखना होगा, जिसके लिए अलग बैंक खाता खुलवाना होगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एम. वी. एन. विश्वविद्यालय मे किया जा रहा एक दिवसीय बेसिक एवं एडवांस लेवल फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन




राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एम. वी. एन. विश्वविद्यालय मे कल दिनांक 22/08/2024 को एक दिवसीय बेसिक एवं एडवांस लेवल फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कार्यशाला की कॉर्डिनेटर प्रोफेसर मधु एवं प्रोफेसर भानुप्रिया ने बताया कि हमारे संस्थान के द्वारा इस वर्ष से बी. ए. जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन का कोर्स संचालित किया जा रहा है और जैसा की ज्ञात है कि आज के आधुनिक युग मे इस कोर्स को करने के बाद रोजगार की अपार संभावनाएं हैं इसी को मद्देनजर रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन छात्रों का स्कील डेवलपमेंट के लिए किया जा रहा है। उन्होंने वैसे छात्र जो 12वीं कक्षा में पढ़ रहे है से अपील की है कि वे भी कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

## आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना करें सभी राजनीतिक दल - धीरेंद्र खड़गटा

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा में विधानसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। ऐसे में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला के आमजन से अपील है कि जिला में सभी तीनों विधानसभा क्रमशः नूंह, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना में चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना करें। कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना न करे। आचार संहिता की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी अपनी ड्यूटी में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में एक अक्टूबर को मतदान होगा तथा चार अक्टूबर को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि पांच सितंबर को चुनाव से संबंधित अधिसूचना जारी होगी तथा 12 सितंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं।उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल व छंटनी की जाएगी, जबकि सोमवार 16 सितंबर को उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके बाद मंगलवार एक अक्टूबर को मतदान होगा तथा चार अक्टूबर को मतगणना होने के साथ ही परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## नूंह के बड़ौजी गांव में बिजली के करेंट लगने से भैंस की मौत हो गई।



अनिल मोहनियां नूंह

बड़ौजी गांव के देवी चरण पुत्र केसरी की भैंस खेतों में हरा चारा चलने के लिए गई थी जहां पर बिजली विभाग के हाई टेंशन तार नीचे अधिक होने की वजह से हारा चारा चर रही भैंस बिजली क तार की चपेट में आ गई जिसकी वजह से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ौजी गांव के जंगल में बिजली के तार काफी नीचे है जिसकी वजह से कई बार बड़ा हादसा होने से बच गया लेकिन आज बिजली विभाग के हाई टेंशन तार की चपेट में भैंस आ गई और उसकी मौत हो गई। भैंस मालिक देवी चरण का कहना है कि भैंस की वजह से उसके परिवार का गुजर बसर चले रहा था। अब उसके परिवार के आगे आर्थिक संकट आ गया है। वही देवी चरण ने बिजली विभाग से मांग की हे कि जंगल में जो तार नीचे लटके हुए उन तारों के बीच में खंभा लगाकर ऊंचा किया जाए और जिला प्रशासन से मृतक भैंस के मुआवजे की भी मांग की गई है। आपको बता दे कि वर्ष 2010 में इसी प्रकार इन्हीं दिनों में खेड़ला गांव से गहवर गांव को आने वाली कच्ची सड़क पर बिजली के तार अधिक नीचे होने की वजह से पशुओं का चारा लेकर जा रही 10 महिलाओं की मौत हो गई थी तथा कई महिलाएं बिजली के करंट से गंभीर रूप से घायल हो गई थी फिर से बिजली विभाग के तार जंगल में काफी नीचे हो गए जिसकी वजह से फिर कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसी वजह से आज एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई है यदि यह बिजली के तार उच्चे नहीं किए गए तो फिर से कोई बड़ा हादसा हो सकता हे।

## होडल चुनावी माहौल गर्म डॉ. नवीन रोहिला जी का ग्राम पिंगोर में डोर-टू-डोर कैंपेन

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज



आज डॉ. नवीन रोहिला जी ने ग्राम पिंगोर में डोर-टू-डोर कैंपेन का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने गाँव के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सुनना और उन्हें समाधान का आश्वासन देना था।

डॉ. रोहिला ने व्यक्तिगत रूप से हर घर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की, उनकी समस्याओं को समझा, और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे इन मुद्दों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। ग्रामीणों ने अपनी रोजमर्रा की समस्याओं, जैसे पानी की कमी, सड़कों की स्थिति, और बिजली आपूर्ति में बाधाओं को लेकर अपनी चिंताओं को साझा किया। डॉ. रोहिला ने इन समस्याओं का निवारण करने के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया और स्थानीय प्रशासन से भी इस संबंध में संपर्क स्थापित करने का वादा किया। इस अभियान के दौरान, डॉ. रोहिला ने लोगों के बीच जागरूकता फैलाने और गाँव के विकास के लिए मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

डॉ. नवीन रोहिला का यह प्रयास समाज के साथ सीधा जुड़ाव स्थापित करने और लोगों की आवाज को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका यह कैंपेन गाँव के विकास और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर हमारे साथ सुंदर सिंह करहाना(सरपंच),विजय करहाना, रणवीर करहाना, प्रवेश करहाना, सिद्धार्थ करहाना, पृथ्वी करहाना, गजराज सरपँच सौहा,धर्मचंद सरपँच तुमसरा,गिर्राज खटेला,प्रेमचंद मास्टर सौहा,देशराज सरपँच फुलवाड़ी,ओमपाल फुलवाड़ी, राजेन्द्र चपराना, बुध सिंह नागर, खड़ग सिंह,प्रेमचंद दीघोट, मोहरपाल पिंगोर,बिजेंद्र मित्रोल,दुलीचन्द मित्रोल आदि मौजूद थे।

## होडल के गाँव गढ़ी पट्टी के लोग गन्दा पानी पीने के लिए मजबूर

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज



होडल के गाँव गाढ़ी पट्टी में पीने के पानी की सप्लाई में गन्दा पानी लगभग एक महीने से आ रहा है ! गन्दा पानी आने की वजह से लोग दूर दराज़ से पीने के लिए पानी ला रहे हैं ! लोगों ने इस बारे में गाँव के वाइस चेयरमेन से और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारीयों से कई बार की शिकायत भी की लेकिन इतने दिनों से इनकी कोई सुनाई नहीं की जा रही है ! सरकार द्वारा शुरू की गई हर घर नल हर घर जल और लोगों को मिलेगा स्वस्छ जल योजना केवल कागजों में सिमट कर रह गई है !

होडल के गांव गढ़ी में गंदा पानी पीने से लोगो को बीमारी का भय सता रहा है यह लोग गाँव गढ़ी पट्टी के लोग है जो हाथ में पानी की बोतल है इसमें सप्लाई का पानी है जो लोगों के लिए पीने के लिए आता है लेकिन इतना गन्दा पानी है की इस पानी को पशु भी नहीं पी सकते हैं इंसान की बात तो दूर हैं ! यह गाँव के लोग इस बोतल को सप्लाई के गंदे पानी को भरकर वाइस चेयरमेन के घर दिखाने के लिए ले जा रहे हैं ! जब इस बारे में इन लोगों से बात की तो इन्होने बताया की उनकी कालोनी में एक महीने से जो सप्लाई द्वारा पिने के लिए पानी छोड़ा जाता है वह एक महीने से गन्दा पानी आ रहा है जो पिने के लिए योग्य नहीं है ! इन्होने बताया की यह पानी इतना गन्दा आ रहा है की इस पानी को पशु भी नहीं पी सकते हैं इंसान की बात तो दूर हैं !

ग्रामीणों ने बताया की इस बारे में उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों से और गाँव के वाइस चेयरमेन से कई बार शिकायत की लेकिन उनको केवल बोला जाता है की आपकी इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाएगा लेकिन आज तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया है और एक महीने से उनको गन्दा पानी मील रहा है ! इन्होने कहा की वह दूर दराज से पिने के लिए पानी लेकर आते हैं जब जाकर उनका गुजारा हो रहा है !

## नूंह में कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर महताब की अगुवाई में किया याद

अनिल मोहनियां नूंह



जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद की अगुवाई में मंगलवार को कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी 80वीं जयंती पर खिराज ए अकीदत पेश की। महताब अहमद ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी देश में संचार क्रांति के अग्रदूत व पंचायती राज के जनक थे। उन्होंने अपने कम समय में ही देश को अनेक उपलब्धियां दी थी। इन उपलब्धियों की बदौलत भारत दुनिया के विकसित देशों की बराबरी में खड़ा है। कृतज्ञ राष्ट्र उनके किए गए कार्यों को याद कर खिराजे अकीदत पेश कर रहा है। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों से दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर भारत को कंप्यूटर युग से परिचित कराया। राजीव गांधी के आधुनिक विचारों की छाप उनके सुधारवादी कार्यों में देखी जा सकती है। पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कहा कि आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री, राजीव गांधी, भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचा दिया। महताब अहमद ने कहा कि मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम,

निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। महताब अहमद ने कहा कि आज पूरा देश भारत रत्न, राजीव गांधी जी को उनकी जयंती पर भावभीनी खिराज ए अकीदत पेश करते हैं।

# मजदूरी के पैसे मांगने पर मालिक समेत गुंडों ने पीटा, मौत

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिले के आईएमटी इलाके में मजदूरी पर काम करने वाले एक मजदूर को गांव जाने के लिए मजदूरी का पैसा मांगना भारी पड़ गया। मजदूरों ने अपने मालिक रमेश तिवारी से मजदूरी के बकाया 65 हजार रुपये मांगे, तो मालिक ने मना कर दिया और शराब के नशे में सभी को मारने की योजना बना ली। सभी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान एक मजदूर की दौड़ते हुए धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक बीते रविवार की शाम को कंकरीट प्लांट में बिहार के छपरा के रहने वाले कुछ मजदूर मजदूरी का काम कर रहे थे, जिन्हें रक्षाबंधन के त्यौहार को मनाने के लिए अपने गांव जाना था। ऐसे ही पांच है मजदूरों ने अपने मालिक रमेश तिवारी से अपने मजदूरी के बकाया 65000 रुपए गांव जाने के लिए मांगे थे, लेकिन मालिक ने उन्हें पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद मजदूरों ने मालिक के इस व्यवहार के बाद पुलिस से उसकी शिकायत करने की धमकी दी थी। इसी धमकी से नाराज मिक्सर प्लांट के मालिक तिवारी ने अपने जीजा और अपने कई अन्य साथियों जिनमें ज्ञानी, बबलू और जोगिंद्र को बुलाया। पहले सभी ने मिलकर मिक्सर प्लांट में शराब पी फिर शराब के नशे में उन्होंने सभी मजदूरों को पीटने की नीयत से प्लांट में खोजना शुरू कर दिया। जिसकी भनक मजदूरों को लग गई। मजदूर समझ गए कि अब उनकी जान को खतरा हो सकता है। सभी प्लांट छोड़कर बाहर जंगल की ओर भागे जंगल होने के चलते वह लोग इधर-उधर छुपने की कोशिश करने लगे कि तभी मालिक और अन्य बदमाश गाड़ी में बैठकर उनका पीछा करते हुए उनके पीछे आ गए कि उन्हें देखकर वह लोग गंदे पानी में कूद गए, लेकिन उनका एक साथी बेचन शाह उम्र 35 वर्ष को मालिक और उसके साथ आए गुंडों ने घेर लिया और उसे तेज धार हथियार से बेरहमी से पीटने लगे। बाकी अन्य मजदूर जिनमें सोनू, मदन कुमार, नितेश कुमार, अमित शाह ने बताया कि वह लोग अपनी जान बचाने के लिए गंदे पानी में छुपे रहे और केवल सर निकाल कर झाड़ियों के पीछे दबकर चुपचाप शांत पानी में डटे रहे। उनके मुताबिक उन्होंने अपनी मौत को अपनी आंखों से देखा है। उस दौरान यदि मालिक और उसके साथ गुंडे उन्हें देख लेते, तो उनका भी वही हश्र होता। मारपीट करने के बाद मालिक और उसके साथ गुंडे बेचन शाह को अपनी गाड़ी में डालकर ले गए, उन्हें पता नहीं चला कि कहां ले गए।

जैसे तैसे मदन पानी से निकलकर पुलिस चौकी पहुंचा और इसकी सूचना दी। इसके बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब पानी से सभी बाहर आए। फिलहाल मामले में बेचन शाह की मौत हो चुकी है। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान से अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही मामले में आईएमटी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार से जब बात की गई, तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। आरोपी बेचन शाह को मारपीट कर वह खुद ही अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन उसकी निजी अस्पताल में मौत हो गई। फिलहाल में तक के शव का आज बीके अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मनोज कुमार के मुताबिक मामले में मुख्य आरोपी मिक्सर प्लांट के मालिक रमेश तिवारी उसके जीजा राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## भारत बंद के आहवान पर फरीदाबाद पुलिस की एडवाइजरी

# कानून व्यवस्था को बाधित करने वाले असामाजिक तत्वों पर नए कानूनों के अंतर्गत की जाएगी सख्त कार्रवाई: पुलिस आयुक्त



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जैसा कि विदित है कि दलित समाज द्वारा माननीय सर्वोच्य न्यायलय भारत के एक आदेश दिनांक 01.08.2024 में अनुसूचित जातियां एवं जनजातियां एक समान वर्ग में नही रखते हुए अन्य पिछडी जातियों के उत्थान के लिए उप-वर्गिकरण करके अलग से आरक्षण रखने बारे आदेशित किया गया, इस आदेश का विरोध करते हुए 21 अगस्त को दलित समाज द्वारा सम्पूर्ण भारत बंद का अहवान किया गया है। जिस संबंध में फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि भारत बंद अहवान के दौरान कानून व्यवस्था को बाधित नही किया जाए और ना ही किसी प्रकार से रोड़ जाम किया जाएगा। आमजन को यह भी सूचित किया जाता है कि नए कानूनों के अंतर्गत दर्ज मामलो को वापस लेने का प्रावधान नही है। कानून तोड़ने, शांति व्यवस्था को बाधित करने, सरकारी संपत्ती को नुकशान पहुंचाने व अन्य किसी प्रकार का गैर-कानूनी काम करने की सूरत में नियमानुसार अभियोग पंजिकृत किए जाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। आमजन से फरीदाबाद पुलिस का अनुरोध है कि शांति व्यवस्था को बनाए रखे।

# खेड़ी कलां गांव में आयोजित विशाल दंगल में पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया

## सबसे बड़ी कुश्ती 31000 रुपए की बराबरी पर छूटी



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** गांव खेड़ी कलां में प्रतिवर्ष की भांति रक्षाबंधन के पावन पर्व पर कुश्तियां का आयोजन दंगल कमेटी खेड़ी कलां की तरफ से कराया गया। जिसमें सबसे बड़ी कुश्ती 31000 रुपए की बी.पी.टी.पी. कंपनी के डायरेक्टर प्रेम सिंह नरवत की तरफ से कराई गई। जोकि एशियाई कुश्तियों में भाग लेने वाले पहलवान जोंटी निवासी जमालपुर (यूपी) व पहलवान मोहित फोगाट के बीच हुई दोनों बराबरी पर छूटे। दो कुश्ती 21000 रुपए की कराई गई। जो की विजयपाल तेवतिया, देबू भारद्वाज, बलजीत सिंह, बच्चू पेट्रोल पंप व विक्की डागर द्वारा कराई गई जो की पहलवान शीशपाल व भूरा तथा पहलवान पवन व विकास के बीच हुई। जिसमें शीशपाल विजेता रहे। एक कुश्ती बराबर रही, एक कुश्ती 15100 की हरीश उर्फ कालु, कारणदीप डागर व रिशिपाल जांगड़ा की तरफ से कराई गई। जो की पहलवान अभिषेक व अहमद के बीच हुई जिसमें अभिषेक विजयी रहे। दो कुश्ती 11000 रुपये की परमहंस स्कूल के चेयरमैन हुकम सिंह, सिक्योरिटी सर्विस द्वारा कराई गई। जो की पहलवान हिमांशु व गोल्डी तथा पहलवान अरुण व हन्नी के बीच कराई गई। जिसमें गोल्डी पहलवान विजेता रहे तथा दूसरी कुश्ती बराबर रही। एक कुश्ती 11000 रुपये की सुभाष वीर चेयरमैन व बच्चू फौजी द्वारा कराई गई जो की पहलवान अनिल कोसी व पहलवान मंगल के बीच हुई और कुश्ती बराबर रही। चार कुश्ती 5100 की अमरदीप प्रधान, पंडित विजय, पिंटू, रघुवीर थानेदार द्वारा कराई गई। जिसमें शिवम व हिमांशु पहलवान विजेता रहे तथा दो कुश्ती बराबर रही दंगल कमेटी द्वारा 3100 रुपए, 2100 रुपये, 1100 रुपये तथा 500 रुपये की 30 कुश्ती कराई गई। जिसमें कुश्ती शांतिपूर्वक व सौहार्दपूर्ण वातावरण में चार कोचों सतीश नरवत, ब्रह्मपाल नरवत, शोभाराम भाटी व जयप्रकाश द्वारा संपन्न कराई गई। सीएचसी खेड़ी कलां के डॉक्टर योगेश चिकित्सीय सहायता के लिए उपलब्ध रहे। दंगल कुश्तियां का सफल संचालन सत्यपाल नरवत व पवन (तुलसी जनरल स्टोर) द्वारा किया गया। दंगल कमेटी के सभी सदस्यों रणवीर सिंह, कमल सिंह, डी.एम. कान्वेंट स्कूल के चेयरमैन धर्मवीर शर्मा, रामवीर, हेमराज गुप्ता, कृष्ण पहलवान, भगत सिंह, लाला (सुरेंद्र), प्रेम, महेंद्र, चंद्रवीर, गिरिराज, जितेंद्र, पंडित अमर, रघुनाथ अत्री, संजय, विक्रांत गॉड, मास्टर वीरेंद्र, विजेंद्र थानेदार, धर्मवीर (धर्म), अमर नरवत, कर्मवीर, करण सिंह चौहान, परमेश्वरी करणसिंह वकील आदि ने कुश्तियां का सफल आयोजन करने में सहयोग किया। दंगल कमेटी खेड़ी कलां की तरफ से सभी पहलवानों का, दर्शकगणों का, सदस्यों का, सहयोग करने वालों का तथा मीडिया के साथियों का धन्यवाद किया।

# महामहिम राष्ट्रपति के फरीदाबाद आगमन पर फरीदाबाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर ड्युटियों को लेकर की रिहर्सल

**शाम छह बजे से 21 अगस्त दोपहर दो तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का फरीदाबाद में प्रवेश रहेगा वर्जित**



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आज भारत के महामहिम राष्ट्रपति जेसी बोस यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि हैं। इस सम्बंध में सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर लगाई गई ड्युटियों के लिए एक दिन पहले यानि सोमवार को फरीदाबाद पुलिस द्वारा रिहर्सल की गई है। सौरभ सिंह आईपीएस, आईजीपी सुरक्षा, ओमप्रकाश नरवाल, पुलिस आयु फरीदाबाद और डीसी विक्रम सिंह ने सभी ड्युटियों का बारीकी से निरीक्षण किया है। पुलिस प्रवा ने बताया कि 21 अगस्त को भारत के महामहिम राष्ट्रपति के आगमन पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के माध्यनजर ड्युटियां लगा दी गई है। विभिन्न सेकटरों में 6 पुलिस उपायु, 13 सहायक पुलिस आयु सहित 1500 से अधिक पुलिस कर्मचारियों को ड्युटियों के लिए नियु किया गया है, साथ ही पुलिसकर्मियों की 3 कम्पनियों को रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर बम्ब डिस्पोजल टीम, एंटी ड्रोन टीम सहित डॉग्स स्क्वॉड टीम को तैनात किया गया है। इसके साथ ही आगंतुको की सर्चिंग व फ्रिस्किंग की जाएगी। ड्यूटी संबंध में फरीदाबाद पुलिस द्वारा फाईनल रिहर्सल की गई है। आमजन को कार्यक्रम के संबंध में शाम 6:00 बजे से 21 अगस्त दोपहर 2:00 तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का फरीदाबाद में प्रवेश वर्जित रहेगा।

# आधुनिक भारत निर्माण में रही राजीव गांधी की अहम भूमिका : मनोज अग्रवाल

## बल्लभगढ़ के कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी को अर्पित की गई पुष्पांजलि



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 80वीं जन्म जयंती पर बल्लभगढ़ के सेक्टर 64 स्थित कांग्रेस कार्यालय में सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल, महिला कांग्रेस की महासचिव व बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलीगेट प्रियंका अग्रवाल की अध्यक्षता में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी अमर रहे, सोनिया गांधी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खरगे जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कुमारी सैलजा जिंदाबाद और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मनोज अग्रवाल ने कहा कि देश की कम्प्यूटर क्रांति के जनक और पीढ़ीगत बदलाव के अग्रदूत राजीव गांधी का आधुनिक भारत निर्माण में अहम भूमिका है। उनका विजन सदैव प्रेरणा देने वाला रहा है। देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का और इक्कीसवीं सदी के नए भारत निर्माण की उनकी दुरगामी सोच अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को उनके अधिकार दिए और उनकी बदौलत से 18 वर्ष के युवाओं को वोट डालने का अधिकार मिला।

मनोज अग्रवाल ने कहा कि स्व. राजीव गांधी सहमति और समझौते, भागीदारी और समझाने-बुझाने के जरिए सार्वजनिक जीवन में राजनीति, अर्थव्यवस्था और नैतिकता के क्षेत्र में बदलाव के प्रतीक थे और उन्होंने शांति एवं लोकतंत्र की बहाली के लिए पंजाब, असम, मिजोरम, नागालैंड और कश्मीर में विरोध-प्रदर्शन और हिंसा समाप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की। उनका दृढ़ विश्वास था कि 'भारत लोकतंत्र के बिना एकजुट नहीं रह सकता'। राजीव गांधी अक्सर कहा करते थे कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखते हुए उनका सबसे बड़ा सपना इक्कीसवीं सदी के आधुनिक विकसित भारत का निर्माण करने का है। उन्होंने कहा कि राजीव जी आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका विजन हम सबको आज भी प्रेरणा देता है इसलिए हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से महिला कांग्रेस महासचिव सोनू चौधरी, महिला कांग्रेस महासचिव गजना लांबा, लीगल सेल के जिलाध्यक्ष स्वर्ण सिंह आर्य, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबूलाल रवि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक रावल, प्रताप शर्मा, धर्मवती शर्मा, शुभम कसाना, आजाद सैनी, बादल, प्रवीण सैनी, पिंटू सैनी, पावन सिंह चौहान, दीपक रावत, हरविंदर सैनी, बॉबी रावत, सागर सिंह, लक्ष्मण सिंह राठौर, शलभ गर्ग, योगेश बंसल, प्रवीण मंगला, मंगत राम गोयल, प्रवीण अग्रवाल सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान शिव-पार्वती की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद स्थित अग्रवाल धर्मशाला में ऐतिहासिक रक्षाबंधन पंखा मेले का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा विधानसभा में उपनेता एवं फरीदाबाद जिला कांग्रेस के प्रभारी आफताब अहमद ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लखन कुमार सिंगला उपस्थित रहे। मेले में आकर्षण का केंद्र रही प्रजापति समाज द्वारा बनाई गई भगवान शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला, जबकि स्वर्गीय बलवीर सिंह की टीम द्वारा बनाई गई राधा-कृष्ण की झांकियों को द्वितीय तथा रजक समाज की अघोरी बाबा झांकी को तृतीय पुरस्कार मिला, जिन्हें आफताब अहमद, लखन सिंगला व पंखा मेला कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आफताब अहमद ने कहा कि ओल्ड फरीदाबाद का ऐतिहासिक पंखा मेला एक उत्सव का रुप ले चुका है, जिसे हर साल लोग धूमधाम से मनाते है, इस उत्सव में समाज के हर वर्ग की भागेदारी होती है और सामाजिक समरसरता का एक अनूठा मिल है। ऐसा धार्मिक आयोजन जहां सभी लोग मिलजुकर धूमधाम से इसे मनाते है। उन्होंने मेला कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की मेहनत की प्रशंसा की और उनकी हौसला अफजाई की।

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स ने राष्ट्रपति को बांधी राखी

## स्कूल के निदेशक दीपक यादव ने बताया कि लगातार देश के तीसरे राष्ट्रपति को राखी बांधने पहुंचे बच्चे



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट ने रक्षा बंधन पर्व पर देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को राखी बांधकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्कूल के चार छात्र सहित प्रिंसिपल एवं कोर्डिनेटर भी साथ रहे। राष्ट्रपति से मिलने के बाद बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आए।

स्कूल निदेशक दीपक यादव ने बताया कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल अपने छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। देश के नेतृत्व से मिलना भी इसका एक अंग है। इसी कड़ी में रक्षा बंधन के अवसर पर हमारे स्कूल के छात्रों कक्षा छह से हर्षिता, कक्षा आठ से माही त्यागी एवं आरुष और कक्षा नौ से आरना राष्ट्रपति भवन पहुंचे। उन्होंने अपनी प्रिंसिपल रेखा मलिक और कोर्डिनेटर पूजा शर्मा के साथ महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें रक्षा सूत्र बांधा।

राष्ट्रपति ने सभी से प्रेमपूर्वक मुलाकात की और हालचाल जाना। उनके बारे में छात्रों के अनुभव प्रेरणादायक रहे। छात्रों का कहना है कि महामहिम मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर होने के बाद भी बहुत दयालु हृदय हैं। उनकी मुस्कुराहट शक्ति प्रदान करती है।

इस बारे में निदेशक दीपक यादव ने बताया कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट निरंतर राष्ट्रपति भवन जाने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। हमारे बच्चों ने निरंतर तीन राष्ट्रपतियों के साथ मिलने का अनुभव प्राप्त किया है। जिनमें वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उनसे पूर्व राष्ट्रपति रहे रामनाथ कोविंद और उनसे पूर्ववर्ती राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से भी हमारे स्टूडेंट मिल चुके हैं। यादव ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में साहस और सम्मान की भावना का विकास होता है। जिसके लिए वह भविष्य में स्वयं भी प्रयास करते हैं। आपको बता दें कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल घरौंडा ग्रेटर फरीदाबाद और सेक्टर दो बल्लभगढ़ में दो ब्रांचेज का संचालन होता है। स्कूल ने बेटियों को निशुल्क प्रवेश देकर क्षेत्र में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे को चरितार्थ किया है। प्रबंधन ने ग्रामीण अंचल में बेस्ट सीबीएसई स्कूल खोलकर लोगों का विश्वास जीता है। वहीं खेलों के क्षेत्र में भी स्कूल आज एक बड़ा नाम है। स्कूल की घरौंडा ब्रांच में पांच खेल अकादमी का संचालन हो रहा है।

# गधों को लेकर घूमता पूर्व आईएएस, फोटो बनी चर्चा का विषय



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी प्रवीण कुमार का दो गधों के साथ घूमने का फोटो वायरल होने के बाद चर्चा में बना हुआ है। किसी समय में आईएएस अधिकारी रहे प्रवीण कुमार इन दिनों फरीदाबाद में दो गधों को लेकर घूम रहे हैं, जो पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय है। प्रवीण कुमार हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं, अब वह रिटायर्ड हो चुके हैं। यही नहीं जिस फरीदाबाद में वह दो गधों के साथ घूम रहे हैं, उसी फरीदाबाद के वह डीसी भी रहे हैं।

प्रवीण कुमार 2001 बैच के आईएएस अधिकारी रहे। कई पदों पर रहने के बाद वह रिटायर हो चुके हैं। हरियाणा के पूर्व आईएएस प्रवीण कुमार फरीदाबाद की बडखल विधानसभा में दो गधों के साथ घूम रहे हैं, जिसके बाद उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इसके पीछे प्रवीण कुमार ने जो तर्क दिया उसके मुताबिक वह इन गधों के माध्यम से लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि लोग अपनी मानसिकता को ठीक करें। उनका मानना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने अचार विचारों पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। 2001 बैच के आईएएस अधिकारी प्रवीण कुमार जब प्रशासनिक सेवा में थे, तब भी वह अपने कई अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते थे। उनका अनोखा अंदाज हमेशा चर्चा में रहता था। अब रिटायरमेंट के बाद उन्होंने एक बार फिर सुर्खियां बटोरनीं शुरू कर दी है। अब वह लोगों को जागरूक करने के लिए गधों के साथ सडकों पर उतरे हैं। बडखल विधानसभा की गलियों में गधों को घूमा रहे हैं।

# बागोत गांव से 22 वर्ष से युवक हुआ लापता

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत से एक युवक अकस्मात लापता हो गया` इस बारे में वेदप्रकाश वासी बागोत ने कनीना सदर थाने में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र सतीश शाम करीब 6 बजे अचानक लापता हो गया परिजनों ने आज पड़ोस में रिश्तेदारियों में पता किया जिसका कोई सुराग नहीं लगा पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है

# कार्यालयों में जायज कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारी आमजन के चक्कर न कटवाए: एसडीएम

कनीना सुनील दीक्षित

आमजन के जायज कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न कटवाए जाएं` ये विचार कनीना में स्थानांतरित होकर आए एसडीएम अमित कुमार ने मंगलवार को कनीना कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करने उपरांत अधिकारियों व कर्मचारियों की औपचारिक बैठक में व्यक्त किए। नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल व बार एसोसिशन कनीना के प्रधान सुनील कुमार रामबास ने गुलदस्ता भेंट कर उनका अभीनंदन किया। अमित कुमार इससे पहले लोहारू में एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। कनीना के एसडीएम का रेवाड़ी स्थानांतरण हो होने पर कार्यालय कर्मियों ने मंगलवार को सुरिंदर सिंह की विदाई पार्टी तथा अमित कुमार के ज्वाइन करने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया` एसडीएम अमित कुमार कार्यभार ग्रहण करने के बाद कर्मचारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा- निर्देश दिए` उन्होंने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श चुनाव आचार संहिता लग चुकी है जिसका शख्ती से पालन किया जाए` उन्होंने नगर पालिका तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी शहर एवं गावों तथा विभिन्न सड़क मार्ग पर पेड़ों व बिजली के खंबो पर लगे राजनीतिक होर्डिंग-बोर्ड्स को तत्काल हटाने के निर्देश दिए` इस मौके पर अनिल कुमार, पटवारी अनूप सुहाग, राज सिंह, विक्रम सिंह, मोहनलाल गोयल, दुलीचंद, देवेंद्र सिंह उपस्थित थे

# अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों में सैनिक स्कूल रेवाड़ी का शानदार प्रदर्शन

## सांस्कृतिक कार्यक्रम व उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन ट्रॉफी जीती, ओवर ऑल दूसरा स्थान

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** जिले के गांव गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल रेवाड़ी के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों के समूह में शानदार व धमाकेदार प्रदर्शन किया है। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल (उत्तराखंड) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर समूह स्तर पर आयोजित इन पांच दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 13 से 17 अगस्त 2024 को हुआ। इन प्रतियोगिताओं में सैनिक स्कूल रेवाड़ी ने विविध ट्रैक एंड फील्ड, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, सह-शैक्षिक गतिविधियों एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जूनियर एवं सब-जूनियर आयु वर्ग में हुई विविध



प्रतियोगिताओं में विद्यालय ने लगभग सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा किया। जहाँ विद्यालय की टीम हिंदी वाद-विवाद, अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान पर रही, वहीं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रदर्शन में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विशालकाय ट्रॉफी पर कब्जा किया। विविध ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं में विद्यालय के ब्वाज व गर्ल्स कैडेट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, रजत व कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल, रेवाड़ी के अतिरिक्त सैनिक स्कूल झुंझुनू, झांसी, घोड़ाखाल व पीपीपी मॉडल के अंतर्गत खुले नवनिर्मित सैनिक स्कूल रोहतक, हनुमानगढ़, जयपुर और सीकर के स्कूलों ने प्रतिभागिता की । प्रतियोगिता में विद्यालय के 48 प्रतिभागियों के दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जहाँ कैडेट शशि शेखर, कैडेट विजय कुमार द्विवेदी, कैडेट आयुष और कैडेट हिमांशु ने व्यक्तिगत रूप से क्रमशः वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं विद्यालय की कैडेट पारुल और कैडेट सपना ने लॉन्ग जंप, कैडेट माधवी ने 100 मी., कैडेट शिवम और कैडेट रागिनी ने 200 मी., कैडेट ऋचा ने 400 मी. दौड़ में अपने-अपने समूह वर्ग में रजत व कांस्य पदक जीत शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की रिले टीमों ने भी 4 गुणा 100 तीनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करके सैनिक स्कूल रेवाड़ी के लिए अंक बटोरे। विद्यालय की वॉलीबॉल व बास्केटबॉल टीमें क्रमशः तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रही। ओवरऑल प्रतियोगिता में घोड़ाखाल विजेता व सैनिक स्कूल रेवाड़ी उप-विजेता रहा, वहीं विद्यालय को सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया। विद्यालय के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट खेल-भावना और शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सभी स्कूलों के बीच सैनिक स्कूल रेवाड़ी को फेयर प्ले अवार्ड दिया गया। सैनिक स्कूल, रेवाड़ी के इस शानदार प्रदर्शन के बाद विद्यालय प्राचार्य कैप्टन (भा. नौ.) ब्रिज किशोर, उप-प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार, प्रशासनिक अधिकारी मेजर जयसिंह राठौड़ व समस्त विद्यालय शिक्षकगण व छात्रों ने टीम के वापस लौटने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस शानदार सफलता के लिए विद्यालय अधिकारीगणों ने खेल-प्रभारी, सभी प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए स-राहना की है एवं भविष्य में भी इसी प्रकार का प्रदर्शन करने का संकल्प रखने का आह्वान किया है।

प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने विशेष प्रार्थना सभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया और आह्वान किया कि हमें सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन कर वीर प्रसूता रेवाड़ी की धरती का गौरव बढ़ाना है। उन्होंने आगामी एनडीए परीक्षा के लिए भी कैडेट्स को शुभकामना देते हुए गत वर्ष की भांति शानदार परीक्षा परिणाम का संकल्प दोहराया।

# एसडी स्कूल ककराला में हुआ खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



कनीना सुनील दीक्षित

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को चार दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कोशिक द्वारा किया गया। उन्होंने खिला-ड़ियों से कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें तथा खेल मैदान में होने वाली गलतियों से सबक लें` खिलाड़ी का आभूषण अनुशासन है` अनुशासन में रहकर वे जय- पराजय को ध्यान में रखकर खेलें` बीआरसी दिलबाग सिंह, एसडी ग्रुप का स्कूल के चेयरमैन जगदेव यादव, गुलशन कुमार, राकेश पीटीआई की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि ये खेलकूद प्रतियोगिता 23 अगस्त तक चलेगी। जिसके अंतर्गत मंगलवार -बुधवार को लड़को और बृहस्पतिवार व शुक्रवार को लड़कियों के खेल होंगे। खेलों में 11 आयु वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में 5 टीमे , 14 आयुवर्ग में 10 टीमे, 17 आयुवर्ग में 17 टीमे व 19 आयुवर्ग में 12 टीमे हिस्सा ले रही हैं` इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में 14 आयुवर्ग में 13 टीमे, 17 आयुवर्ग में 17 टीमे, 19 आयु वर्ग में 10 टीमे, बालीवॉल प्रतियोगिता के 14 व 17 आयुवर्ग में 8-8 टीमे,19 आयुवर्ग में 12 टीमों ने भाग लिया। जगदेव यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की संभावना है।

# उपभोक्ता न्यायालय में व स्थाई लोक अदालत रेवाड़ी में 13 सितंबर को व न्यायिक परिसर में 14 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम अमित वर्मा

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 14 सितंबर को रेवाड़ी न्यायिक परिसर सहित बावल व कोसली में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ कंज्यूमर कोर्ट यानी उपभोक्ता न्यायालय में व स्थाई लोक अदालत में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव अमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय



लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, चेक बाउंस मुकदमे, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि किसी भी मुकदमे के दोनों पक्षकार आपसी समझौते के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय आ सकते हैं और वो किसी भी अन्य कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01274 220062 पर कॉल कर सकते।

# रेवाड़ी पुलिस के 61 हैड कांस्टेबलों को एएसआई बनने पर एसपी ने बधाई दी



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** एसपी रेवाड़ी गौरव राजपुरोहित ने जिला पुलिस के 61 हैड कांस्टेबलों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति के साथ अब आपकी जिम्मेवारी और बढ़ गई है इसलिए और अधिक मेहनत और लगन से अपने कर्तव्य का बेहतर ढंग से निर्वहन कर समाज सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि डयूटी के दौरान आम आदमी के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए जबकि गैरकानूनी धंधा करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है इसलिए सेवा, सुरक्षा और सहयोग को अपना परम दायित्व मानते हुए सराहनीय कार्य कर समाज में पुलिस की बेहतर छवि के लिए कार्य करें। एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी पुलिस कर्मचारियों की संयुक्त भागीदारी बहुत महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति के बाद जहां भी आपकी ड्यूटी लगे आमजन के साथ मधुर संबंध स्थापित कर अपने कर्तव्य का बेहतर ढंग से निर्वहन कर विभाग की छवि के लिए कार्य करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा की उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे और पुलिस विभाग की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। पदोन्नति पाने वालों में मुख्य सिपाही देवेन्द्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, संदीप कुमार, आकाश कुमार, ललित कुमार, संदीप कुमार, सुरेन्द्र, सुरेन्द्र सिंह, विभु रंजन, राजन, चरण सिंह, अशोक कुमार, सतवीर, सुनील, मनोज कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार, हंसराज, बाबुलाल, जितेन्द्र सिंह, संदीप, इकबाल सिंह, नितिन, धर्मेन्द्र, मुकेश कुमार, राजीव, राजेश कुमार, विजेंद्र सिंह, रामपाल, महिपाल, मनोज कुमार, सतपाल, चमन सिंह, अनिल कुमार, अमित कुमार, हरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, महेश कुमार, रणवीर, पवन कुमार, धर्मवीर, कुलदीप, पवन कुमार, नरपाल, नशीब सिंह, विपिन कुमार, अनिल कुमार, सतेन्द्र कुमार, प्रदीप, सुनील कुमार, राजेश कुमार, सुखपाल, पवन कुमार, सुदेश, रजनीश, बाबुलाल, अरविन्द्र, प्रवीन, दीपक, धर्मेन्द्र व सतीश के नाम शामिल है। इस अवसर पर पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मचारियों ने अपनी पदोन्नति पर खुशी जाहिर कर कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को मिठाई खिला कर बधाई स्वीकार की। इस अवसर पर एसपी गौरव राजपुरोहित ने पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में पुलिस विभाग एवं समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# लोहारू की अनाज मंडी में होने वाली मुख्यमंत्री की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे: जेपी दलाल

सिवानी सोनिका सूरा

प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि बीजेपी सरकार ने हर क्षेत्र का बिना भेदभाव सर्वांगीण विकास करवाया है हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किया है। वित्त मंत्री जेपी दलाल ने लोहारू की अनाज मंडी में 25 अगस्त को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का न्यौता भी दिया। वित्त मंत्री जेपी दलाल मंगलवार को सिवानी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। वित मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू क्षेत्र के मतदाताओं ने मन बना लिया है कि भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे और रिकार्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी को जीताकर विधानसभा में भेजेंगे। इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रक्षा बंधन पर रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स ने 60 बहनों को भेंट किए गए हेलमेट

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बहन-भाई के प्रेम के पवित्र पर्व रक्षा बंधन पर रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स की ओर से दो पहिया वाहन चालक 60 बहनों को हेलमेट उपहार स्वरूप भेंट किए गए। उपरोक्त जानकारी देते हुए क्लब के जन संपर्क अधिकारी याद के. सुगंध ने बताया कि दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट लगाना यातायात नियमों के अनुसार तो जरूरी है ही , साथ ही यह किसी भी अनहोनी होने पर जीवन रक्षक के रूप में भी उपयोगी है। इसी के मद्देनजर रोटरी क्लब रेवाड़ी




रॉयल्स टीम द्वारा रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में बहनों को हेलमेट उपहार स्वरूप भेंट करने का कार्यक्रम आयोजित किया प्रोजेक्ट चेयरमेन नवीन अरोड़ा ने बताया कि बहनों को अक्सर बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाते हुए देखने पर हमेशा उनके दिल में यही ख्याल आता था कि बहनों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जाए। इसलिए रक्षा बंधन के पर्व का दिन इस काम के लिए उपयुक्त समय लगा और क्लब द्वारा बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाती हुई बहनों को हेलमेट उपहार स्वरूप भेंट किए गए और उन्हें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मनोज यादव, मीनाक्षी अरोड़ा, निधि यादव, विपिन ढींगरा, प्रीति ढींगरा, निर्मय कृष्णा अरोड़ा, हर्षित भाटिया, तरुण मदान, अमीता लेक्चरर वाईएमसीए, वैदेही, करण आदि क्लब के अनेक सदस्य मोजूद थे।

# रेवाड़ी में गिरी दुकान की छत, हादसा टला



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** शहर के कटला बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर की दुकानों में बड़ा हादसा होते-होते बचा। मंदिर परिसर की एक दुकान की छत आज सुबह 5:00 बजे गिर गई परंतु किसी के भी वहां नहीं होने के कारण जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। मंदिर के ट्रस्टी ने बताया कि दुकान काफी समय से खंडहर हो रखी थी और मंदिर की ट्रस्ट के द्वारा किराएदार से कई बार निवेदन किया गया था कि इस दुकान को खाली कर दिया जाए ताकि जान माल के नुकसान से बचा जा सके, परंतु दुकानदार हर बार चार-पांच महीने का नाम लेकर टालता रहा। जिसके कारण यह हादसा हो गया परंतु भगवान की कृपा से जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

# बालाजी धाम मंदिर में 26 अगस्त को मनेगी जन्माष्टमी : मुकेश चंद



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** श्री बालाजी धाम मंदिर नियर रामपुरा फाटक हंस नगर रेवाड़ी में जन्माष्टमी महोत्सव 26 अगस्त को बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा। मंदिर के पुजारी पंडित मुकेश चंद भारद्वाज (बालाजी वाले) ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री बालाजी महाराज को विशाल छप्पन भोग का भोग लगाया जाएगा, ततपश्चात भव्य झांकी प्रोग्राम का आयोजन किया जायेगा। भक्तों को पंजीरी और चरणामृत का प्रशाद वितरण किया जायेगा प्रशाद लेने के लिए दूर दूर से भक्तजन आयेंगे। इस से पूर्व 25 अगस्त 2024 को चने छोले का प्रशाद भी वितरण किया जायेगा।

# पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल का बुडौली गांव में हुआ अभिनंदन

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसवंत सिंह बावल का प्रचार अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को गांव बुडौली की पंचायत व ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को आमंत्रित कर अपनी ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व मंत्री की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। गांव बुडौली पहुंचने पर पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल का फूलमालाओं व पगड़ी के साथ जोर-दार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने इस गांव को बड़ी पहचान दिलाने तथा विकास में भरपूर सहयोग प्रदान किया है। किसी भी प्रकार का अवसर हो पूर्व मंत्री ने तन-मन-धन के साथ हमेशा



भागीदारी सुनिश्चित की है। इस प्रकार के नेकदिल व्यक्तित्व के साथ पुरी ग्राम पंचायत व ग्रामीण एकजुट होकर साथ है। उन्होंने कहा कि बावल विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में वे प्रचार-प्रसार के लिए जाएंगे। इसके अलावा जहां कहीं भी उनकी रिश्तेदारियां व जान-पहचान के लोग है, उनसे संपर्क साधकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने कहा कि ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत कर तथा पगड़ी पहनाकर जो सम्मान दिया है, उसे वे कभी नहीं भुला पाएंगे। सम्मान रूपी पगड़ी जो उन्हें पहनाई गई है, वे उसका सम्मान कभी कम नहीं होने देंगे तथा गांव का गौरव बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए वे सभी से सहयोग का आह्वान करते हैं। चारों पट्टियों, ग्राम पंचायत व समस्त ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित कर उनके समर्थन की जो प्रथम पहल की है, इसकी आवाज दिल्ली व चंडीगढ़ तक सुनाई देगी। गांव के विकास के साथ-साथ अन्य किसी भी कार्य के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध हैं। इस गांव का आपसी भाईचारा भी अपने आप में एक मिशाल है। इसलिए कांग्रेस पार्टी के सहयोग व समर्थन के लिए सभी एकजुट होकर तैयारियों में जुट जाएं।

इस अवसर पर सतीश सरपंच, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार, बलवान पंच, जगदीश पंच, पूर्व सरपंच जयकुमार, राय सिंह मास्टर, सुबेदार सुजान सिंह, महावीर पहलवान, संजय पहलवान, अशोक धनखड़ समेत भारी संख्या में गांव के गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेबी के लिए चुनौती बना 76 हजार 293 करोड़ बकाया वसूलना

## - पिछले साल की तुलना में चार फीसदी बढ़ी रकम

**नई दिल्ली ।**

देश के शेयर बाजार पर नजर रखने वाली संस्था भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को बकाया वसूलने में बड़ी के ठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 76,000 करोड़ से भी अधिक की बकाया राशि ऐसी है, जिन्हें वसूलना सेबी के लिए चुनौती बन गया है। यह रकम पिछले साल की तुलना में चार फीसदी बढ़ गई है। ये पैसे दरअसल उन निवेशकों के हैं, जिन्होंने पीएसीएल और सहारा इंडिया जैसी कंपनियों में निवेश किया था लेकिन ये कंपनियां लोगों के पैसे लेकर रफू चक्कर हो गईं। अब सेबी को इन पैसों को निवेशकों को वापस दिलाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए सेबी को कहना पड़ रहा है कि इन्हें वापस पाना लगभग असंभव सा लग रहा है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि सेबी को मार्च 2024 तक 76,293 करोड़ रुपये की ऐसी रकम मिली है, जिसे वसूलना बेहद मुश्किल हो रहा है। ये रकम पिछले साल के मुकाबले 4 फीसदी ज्यादा है। इस रकम का बड़ा हिस्सा उन मामलों से जुड़ा है, जिनकी सुनवाई अदालतों में चल रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऐसे कुल 807 मामले हैं, जिनमें से 36 मामले राज्य स्तरीय अदालतों, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) और नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) में लंबित हैं। इन मामलों में अटकी हुई राशि लगभग 12,199 करोड़ रुपये है।

इसके अलावा 60 मामले अदालत द्वारा नियुक्त समितियों के पास हैं, जिनमें करीब 59,970 करोड़ रुपये अटके हुए हैं। साथ ही लगभग 140 मामले ऐसे हैं, जिनमें संबंधित लोगों का पता ही नहीं चल पा रहा है। इनमें से 131 व्यक्तिगत मामले हैं और 9 कंपनियों से जुड़े हैं। सेबी ने कहा कि अब तक कुल 6,781 रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं, जिनमें से 3,871 अभी भी लंबित हैं। कुल मिलाकर सेबी को करीब एक लाख करोड़ रुपये वसूल करने हैं। इसमें जुर्माना न भरने वाली कंपनियों के साथ-साथ उन निवेशकों का पैसा भी शामिल है, जिन्हें पैसा वापस मिलना था। पीएसीएल और सहारा इंडिया के मामलों में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों कंपनियों के विरुद्ध निवेश योजना से जुड़े मामले हैं, जिनमें करीब 63,206 करोड़ रुपये अटके हुए हैं।

# जुलाई में इलेक्ट्रॉनिक्स, गारमेंट्स और डेयरी उत्पादों निर्यात में वृद्धि हुई: रिपोर्ट



**नई दिल्ली ।**

भारत से निर्यात में जुलाई में बढ़ोतरी देखी गई है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स, मीट, डेयरी और ऑयल मील जैसे सेक्टर निर्यात में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक गुड्स का निर्यात 37.3 प्रतिशत, डेयरी और पोल्ट्री 56.2 प्रतिशत, ऑयल मील 22 प्रतिशत, गारमेंट्स 11.8 प्रतिशत, मसाले 13 प्रतिशत, चाय 21.8 प्रतिशत का निर्यात जुलाई में सालाना आधार पर बढ़ा है। डेयरी और पोल्ट्री प्रोडक्ट्स का निर्यात जुलाई में 56.2 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले महीने इसमें 13.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

हालांकि, कुछ कैटेगरी जैसे हीरे और ज्वेलरी, सिरेमिक और ग्लासवेयर उत्पाद, जैविक और अजैविक केमिकल और चावल के निर्यात में गिरावट हुई है। इसके अलावा अन्य बड़े निर्यात जैसे मानव निर्मित सूत और कपड़े का निर्यात 3.9 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं चमड़ा और उससे बने उत्पाद की कीमतों में नवंबर 2022 के बाद सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है। मसाले, चाय और तंबाकू उत्पादों का निर्यात पिछले महीने के मुकाबले बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात शुल्क कम होने के कारण समुद्री उत्पादों का निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। अधिक श्रम उपयोग वाले सेक्टर्स ने जुलाई में लचीलापन दिखाया है। इससे पहले भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की ओर से जारी किए गए डेटा में बताया गया था कि जुलाई में परिधान का निर्यात बढ़कर 1,277.20 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 1,141 मिलियन डॉलर था। वहीं, कपड़ों का निर्यात 1,660.36 मिलियन डॉलर हो गया है, जो कि जुलाई में 1,663.06 मिलियन डॉलर था।

# एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी पर दे रहा 7.25 फीसदी ब्याज




**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक कई विशेष फिक्स्ड डिपॉजिट्स चला रहा है। बैंक की ऐसी ही एक स्पेशल एफडी है एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी, इस विशेष एफडी को इस साल ही लॉन्च किया गया था। 444 दिनों की इस एफडी पर आम ग्राहक को बैंक 7.25 फीसदी सालाना ब्याज दे रहा है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों को सालाना 7.75 फीसदी के याज दिया जा रहा है। एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी में निवेश आप घर बैठे भी कर सकते हैं। नेट बैंकिंग और एसबीआई योनो ऐप के जरिए आप यह एफडी खरीद सकते हैं। बैंक ब्रांच जाकर भी इस विशेष एफडी में पैसे लगाने का विकल्प आपके पास है। एसबीआई अमृत वृष्टि एफडी में 31 मार्च 2025 तक निवेश किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक कई अवधियों वाली एफडी ग्राहकों को उपलब्ध कराता है। भारत के सबसे बड़े बैंक में आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि की एफडी करा सकते हैं। अलग-अलग अवधि वाली एफडी की ब्याज दरें भी भिन्न-भिन्न हैं। एसबीआई 7 से 45 दिन की अवधि वाली एफडी पर 3.50 से 4.00 फीसदी 46 से 179 दिन की एफडी पर 5.50 से 6.00 फीसदी, 180 से 210 दिन पर 6.25 से 6.75 फीसदी और 211 से 1 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 6.50 से 7.00 फीसदी तक के याज दिया जा रहा है। 1 साल से लेकर 2 साल से कम वाली एफडी पर 6.80 से 7.30 फीसदी, 2 साल से लेकर 3 साल से कम वाली पर 7.00 से 7.50 फीसदी, 3 साल से लेकर 5 साल से कम अवधि वाली एफडी पर 6.75 से 7.25 फीसदी और 5 साल से 10 साल तक की अवधि वाली एफडी पर 6.50 से 7.50 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। स्पेशल फिक्स डिपॉजिट स्कीम अमृत कलश के तहत सीनियर सिटिजन्स को एफडी पर 7.60 और आम ग्राहकों को 7.10 फीसदी सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस फिक्स डिपॉजिट स्कीम में 400 दिन के लिए निवेश करना होता है।

# 2500 से 3500 रुपये क्विंटल तक पहुंचे प्याज के दाम

**नई दिल्ली ।**

आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले की प्याज मंडी में इस समय प्याज के दाम 2500 रुपये से लेकर 3500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं, जो कि पिछले साल के मुकाबले एक बड़ी वृद्धि है। आंध्र प्रदेश में खुले बाजार में प्याज 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जबकि सरकारी रायतू बाजार में प्याज की कीमत 42 से 45 रुपये प्रति किलो के बीच है। इस साल प्याज की कीमतों में वृद्धि पहले ही शुरू हो चुकी है। इस स्थिति का एक बड़ा कारण महाराष्ट्र में प्याज की फसल की खराबी है। बेमौसम बारिश ने महाराष्ट्र की प्याज फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। त्योहारों जैसे रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के पहले प्याज की कीमतें इन दिनों तेजी से बढ़ रही हैं।



कुर्नूल के किसानों के चेहरे पर इन दिनों खुशी की चमक है क्योंकि पिछले साल इसी मंडी में प्याज का भाव मुश्किल से 500 रुपये से 1000 रुपये प्रति क्विंटल था। तब किसानों को अपनी उपज की लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा था और उन्होंने विरोध स्वरूप अपनी प्याज फेंक दी थी। इस बार प्याज के दाम में वृद्धि से किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि त्योहारी सीजन में मांग और बढ़ेगी जिससे प्याज के दाम और चढ़ सकते हैं।

# 20 लाख रुपए तक के गिफ्ट पर अब नहीं लगेगा टैक्स!

**मुंबई ।**

इनकम टैक्स से जुड़े एक मामले में आईटीएटी (इनकम टैक्स अपीलीयेट ट्रिब्यूनल) की मुंबई बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि विदेश में रह रहे एनआरआई भाई से मिलने वाली 20 लाख रुपये की राशि पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगेगा। यह निर्णय इस बात पर जोर देता है कि भारतीय टैक्स कानून कुछ करदाताओं को अपने रिश्तेदारों से मिलने वाले गिफ्ट पर टैक्स को लेकर छूट देते हैं। हालांकि, अभी तक इनकम टैक्स कानून के तहत किसी रिश्तेदार से मिलने वाले 50,000 रुपये से ज्यादा के गिफ्ट को इनकम फ्रॉम अदर सोर्स माना जाता है और इस पर लागू आयकर की निर्धारित दरों के अनुसार टैक्स कटता है लेकिन कई मामलों में इस पर टैक्स से छूट मिलती है। इनमें नजदीकी रिश्तेदार से मिलने वाले गिफ्ट, शादी में मिलने वाले तोहफे और विरासत में मिलने वाली संपत्ति शामिल है। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 56 (2) (एक्स) में भाई से मिलने वाले गिफ्ट पर टैक्स में छूट मिलती है। आयकर अपीलीयेट ट्रिब्यूनल ने यह निर्णय सलाम नाम के एक व्यक्ति के मामले में दिया, जिसे अपने भाई से गिफ्ट मिला था



लेकिन इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी ने शुरुआत में इस तोहफे को टैक्सेबल इनकम के तौर पर माना था। इस मामले में इनकम टैक्स कमिश्नर ने भी अधिकारी के फैसले को सही ठहराया और कहा कि टैक्सपेयर यह साबित करने में नाकामयाब रहा कि गिफ्ट के तौर उसे यह पैसा अपने भाई से मिला। इस मामले को लेकर याचिकाकर्ता आईटीएटी के पास पहुंचा, जहां सबूतों के साथ यह साबित किया गया कि उसका भाई, 25 साल से दुबई में रह रहा है और वहां बिजनेस कर रहा है। उसकी ओर से मिली 20 लाख रुपये की यह रकम तोहफे के तौर पर उसे भेजी गई है।

# रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ ही 83.87 पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में आज रुपया 83.86 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.84 प्रति डॉलर पर पहुंचा हालांकि फिर 83.87 प्रति डॉलर पर आ गया जो उसके पिछले बंद भाव के बराबर है। वहीं गत दिवस रुपया 83.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी की बढ़त के साथ ही 101.82 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहाकि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के बाद भी विदेशी पूंजी की निकासी का दबाव भारतीय मुद्रा पर पड़ा पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने गिरावट रोके रखी। इसकी गिरावट को रोका।




# जोमैटो ने एआई जनरेटेड खाने की तस्वीरों को हटाया, लोग कर रहे तारीफ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड एप जोमैटो पर अब रेस्टोरेंट एआई से बनाई खाने की तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। जोमैटो के फाउंडर दीपिंदर गोयल ने ऐलान किया है कि वह जोमैटो के प्लेटफॉर्म से एआई जनरेटेड खाने की तस्वीरों को हटा रहे हैं साथ ही उन्होंने अपने फूड पार्टनर्स से एआई तस्वीरों का इस्तेमाल बंद करने को भी कहा है। गोयल ने इसकी जानकारी अपने ट्विटर हैंडल पर दी। गोयल ने मिक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा-जोमैटो में, हम अपने वर्कफ्लो को अच्छा बनाने के लिए एआई के विभिन्न रूपों का इस्तेमाल करते हैं। एक जगह जहां हम एआई के इस्तेमाल को दृढ़ता से हतोत्साहित करते हैं, वह है रेस्तरां के मेनू में व्यंजनों के लिए तस्वीरें। एआई द्वारा उत्पन्न भोजन की तस्वीरें भ्रामक हैं और हमें इस मुद्दे पर कई ग्राहकों की शिकायतें मिली हैं। ग्राहकों का कहना है कि इससे विश्वास कमजोर होता है और इससे ज्यादा शिकायतें और रिफंड मिलते हैं और रेटिंग भी कम होती है। हम अपने रेस्तरां भागीदारों से आग्रह करते हैं कि वे अब से रेस्तरां के मेनू में व्यंजन छवियों के लिए एआई का उपयोग करने से बचें। हम इस महीने के अंत तक सक्रिय रूप से मेनू से ऐसी छवियों को हटाना शुरू कर देंगे और एआई द्वारा उत्पन्न व्यंजन छवियों को स्वीकार करना बंद कर देंगे। दीपिंदर आगे लिखा-रेस्टोरेंट मालिक अगर आपने अभी तक अपने मेनू के लिए असली खाने के शॉट्स अपलोड नहीं किए हैं, तो फोटो शूट शेड्यूल करने के लिए कैटलॉग सहायता टीम से संपर्क करें। दीपिंदर गोयल के इस कदम की लोग सराहना कर रहे हैं।

# एलआईसी ने हिंदुस्तान कॉपर में घटाई हिस्सेदारी




**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने खुले बाजार में हिंदुस्तान कॉपर में 2.09 प्रतिशत हिस्सेदारी 447 करोड़ रुपए में बेच दी है। एलआईसी ने शेयर बाजार को यह सूचना दी। उसने हिंदुस्तान कॉपर के कुल 2,01,62,682 शेयर यानी 2.085 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये बेची है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर के शेयरों को 221.64 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेचा गया। इस तरह सौदे का कुल मूल्य 446.8 करोड़ रुपए रहा। हिस्सेदारी बिक्री के बाद हिंदुस्तान कॉपर में एलआईसी की हिस्सेदारी 8.17 प्रतिशत से घटकर 6.09 प्रतिशत रह गई है। हिंदुस्तान कॉपर देश में तांबा अयस्क के खनन में लगी इकलौती कंपनी है। इसके अलावा यह परिष्कृत तांबे की एकमात्र उत्पादक कंपनी भी है। मंगलवार को बीएसई पर हिंदुस्तान कॉपर का शेयर 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 320.10 रुपए पर आ गया। एलआईसी का शेयर 0.39 फीसदी की तेजी के साथ 1076.10 रुपए पर है। सोमवार को हिंदुस्तान कॉपर का शेयर बीएसई पर 3.06 फीसदी तेजी के साथ 323.55 रुपए पर बंद हुआ। इस वैल्यू पर इसका मार्केट प्राइस 31,288.06 करोड़ रुपए है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 415.60 रुपए और न्यूनतम स्तर 135.70 रुपए है। दूसरी ओर एलआईसी का शेयर 1.34 फीसदी तेजी के साथ 1071.95 रुपए पर बंद हुआ। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,221.50 रुपये और न्यूनतम स्तर 597.65 रुपए है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 378 , निफ्टी 126 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग, वित्त और वाहन शेयरों में जमकर खरीदारी हुई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 378.18 अंक करीब 0.47 फीसदी बढ़कर 80,802.86 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.20 अंक तकरीबन 0.51 फीसदी ऊपर आकर 24,698.85 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 24 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। इसमें बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनैंस और कोटक बैंक शामिल रहे। इसके अलावा, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टीसीएस, रिलायंस, एलएंडटी, इंफोसिस, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एचयूएल, एमएंडएम, पावर ग्रिड और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़े।

दूसरी ओर सेंसेक्स के केवल 6 शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसमें भारती एयरटेल, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल थे। इसके अलावा, टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी बाजार में मंदी की आशंका कम होने से भी घरेलू बाजार में उछाल आया है।

वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, सियोल और टोक्यो बढ़त पर बंद हुए जबकि शंघाई और हांगकांग के शेयर नीचे आये। यूरोपीय बाजार में बढ़त दर्ज की गयी। अमेरिकी




बाजार गत दिवस बढ़त पर रहे। वहीं गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 297.86 अंक बढ़कर 80,722.54 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी 50 76.25 अंक बढ़कर 24,648.90 के स्तर पर पहुंच गया। एनएसई की कंपनियों में बीपीसीएल, टीसीएस, हीरो मोटोक्रॉप, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे जबकि ओएनजीसी, भारती एयरटेल, सीआईपीएलए, एचसीएल टेक और आईटीसी एनएसई गिरावट में कारोबार कर रहे थे। बीएसई की कंपनियों में टीसीएस के शेयर में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई।

# हवाई यात्रा करना अब और भी हुआ महंगा!



**नई दिल्ली ।** आगामी त्योहार में अब हवाई यात्रा करना और भी महंगा हो जाएगा। बताया जा रहा है कि हवाई यात्रा के किराए मे तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और दिवाली के लिए प्रमुख घरेलू मार्गों पर औसत एकतरफा टिकट की कीमत 10-15 प्रतिशत बढ़ चुकी है। दूसरी ओर ओणम के दौरान केरल के शहरों के लिए कुछ उड़ानों का किराया 20-25 प्रतिशत अधिक है। जानकारी अनुसार, मुंबई-हैदराबाद मार्ग पर टिकट की कीमत 21 प्रतिशत बढ़कर 5,162 रुपये और दिल्ली-गोवा और दिल्ली-अहमदाबाद मार्गों पर 19 प्रतिशत बढ़कर क्रमश: 5,999 रुपये और 4,930 रुपये हो गई है। विश्लेषण मे यह सामने आया कि कुछ दूसरे मार्गों पर किराया 1-16 प्रतिशत की सीमा मे अधिक है। वहीं केरल मे आगामी त्योहार के लिए चुनिंदा रूट्स पर हवाई किराए के रुझानों के विश्लेषण से पता चला है कि कुछ रूट्स पर कीमतों मे 1 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की सीमा मे वृद्धि हुई है। इसी दौरान कुछ मार्गों पर टिकट की कीमतों में लगभग 6-35 प्रतिशत की गिरावट आई है। ये आंकड़े इस साल 6-15 सितंबर की अवधि के दौरान डिपार्चर के लिए नॉन-स्टॉप फ्लाइट्स के लिए औसत एकतरफा किराया है, जबकि 20-29 अगस्त, 2023 की अवधि में ओणम मनाया गया था। इस तुलनात्मक अवधि के लिए हैदराबाद-तिरुवनंतपुरम फ्लाइट के लिए किराए में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो 4,102 रुपये है। मुंबई-कालीकट फ्लाइट के लिए भी इसी तरह की वृद्धि हुई है, जो 4,448 रुपये है।

# कंपनी के ऐलान के बाद सीडीएसएल शेयर तूफानी रफ्तार से दौड़ा, छह फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार में सप्ताह के पहले दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला और मार्केट क्लोज होने पर सेनसेक्स लाल निशान पर, निफ्टी-50 हरे निशान पर बंद हुआ। इस बीच सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड का शेयर तूफानी तेजी के साथ भागा और कारोबार के दौरान छह फीसदी तक उछल गया। स्टॉक में आई तेजी के पीछे कंपनी की ओर से किया गया ऐलान है। सीडीएसएल शेयर सोमवार को हरे निशान पर खुला था और 2855 रुपए के स्तर से कारोबार शुरू किया था, लेकिन कुछ ही देर में ये छह फीसदी तक उछलकर 2955 रुपए के हाई लेवल पर पहुंच गया। ये शुरुआती तेजी मार्केट में कारोबार खत्म होते-होते कम हो गई। बाजार बंद होने पर सीडीएसएल का शेयर 3.40 फीसदी की बढ़त लेते हुए 2883 रुपए पर क्लोज हुआ। कंपनी के शेयर में आई जोरदार तेजी के चलते सीडीएसएल का मार्केट कैप भी बढ़कर 30130 करोड़ रुपए हो गया है। इस स्टॉक में अचानक ये जोरदार तेजी कंपनी की ओर से आई एक खबर के बाद देखने को मिली है। बोर्ड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी शेयर की कि निवेशकों को एक पर एक शेयर बोनस में दिया जाएगा। इसे अप्रूवल मिलने के साथ ही बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड 24 अगस्त तय की गई है। इस खबर का असर कंपनी के शेयर पर तेजी के रूप में दिखाई दिया। सीडीएसएल के शेयर की बीते एक साल की परफॉर्मेंस पर नजर डालें, तो ये अपने निवेशकों के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ है। बीते जुलाई 2024 में सीडीएसएल के बोर्ड ने बैठक में कंपनी ने पहली बार एक शेयर पर



एक बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी और अब इसकी रिकॉर्ड डेट फिक्स कर दी गई है। बता दें, कंपनियां अपने फ्री रिजर्व का इस्तेमाल करते हुए बोनस शेयर जारी करती हैं और इससे प्रति शेयर आय यानी ईपीएस के साथ-साथ पेड-अप कैपिटल बढ़ता है। सीडीएसएल कंपनी की स्थापना साल 1999 में की गई थी, जो सिक्योरिटीज को इलेक्ट्रिक फॉर्म में अपने पास डिपॉजिट करती है। ये पहली ऐसी कंपनी है, जिसने दस करोड़ डेमट अकाउंट रजिस्टर किए हैं।

# वेदांता ने हिंदुस्तान जिंक के ओएफएस से जुटाए 3200 करोड़

**नई दिल्ली ।**

खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अपनी सब्सिडियरी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के शेयरों की बिक्री पेशकश से करीब 3,200 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। सूत्रों ने कहा कि वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को खुदरा एवं संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली है। सूत्रों ने कहा कि इस बिक्री पेशकश से वेदांता को करीब 3,200 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। वेदांता ओएफएस से जुटाई गई राशि का उपयोग अपने बही-खाते को दुरुस्त करने और अपनी विस्तार परियोजनाओं में निवेश के लिए करेगी। पिछले महीने पात्र संस्थागत आवंटन से जुटाई गई 8,500 करोड़ रुपये की राशि को मिलाकर वेदांता समूह और एचजेडएल दोनों का कर्ज कम करने में मदद मिलेगी। खुदरा निवेशकों के लिए आधार निर्गम आकार 51.44 लाख शेयरों का था जबकि कुल 93.82 लाख शेयरों की खरीद हुई। सूत्रों के मुताबिक संस्थागत निवेशकों के लिए 4.62 करोड़ शेयर निर्धारित किए गए थे जबकि कुल संस्थागत खरीद 6.36 करोड़ शेयरों की हुई। वेदांता ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि 16-19 अगस्त तक चली ओएफएस प्रक्रिया के बाद हिंदुस्तान जिंक में वेदांता की शेयरधारिता 63.42 प्रतिशत रह गई है।



# रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन पर निर्माताओं ने दिया अपडेट

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। फिलहाल वे लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही अभिनेता के पास टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन भी है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब प्रशंसकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार है। हालांकि, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन पर प्रशंसक काफी दिनों से अपडेट मांग रहे हैं और अब आखिरकार फिल्म के निर्माता प्रशंसकों को तोहफा देने वाले हैं। उन्होंने फिल्म से जुड़ी अहम जानकारी फैंस के साथ साझा करने का एलान कर दिया है। निर्माताओं ने आज रविवार, 18 अगस्त को दिलचस्प पोस्ट साझा किया और सोमवार को बड़ा खुलासा करने का एलान किया।

पोस्ट में निर्माताओं ने बताया है कि कल यानी 19 अगस्त, 2024 की सुबह 10 बजे फिल्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। हालांकि, अब इसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह एलान फिल्म की रिलीज की तारीख को लेकर हो सकता है। निर्माता कल वेट्टैयन की रिलीज डेट का खुलासा कर सकते हैं। यह पहले से ही पता है कि फिल्म इस साल अक्तूबर में रिलीज होने वाली है। हालांकि, तय तारीख का खुलासा होना बाकि है। इससे पहले रजनीकांत ने अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान फिल्म की रिलीज डेट के बारे में संकेत दिया था। उन्होंने एक योगी से बात करते हुए बताया था कि फिल्म दशहरा की छुट्टियों के दौरान 10 अक्तूबर को रिलीज होगी। हालांकि, इस पर अब आधिकारिक तौर पर मुहर लगनी बाकी है। यदि फिल्म 10 अक्तूबर को रिलीज होगी तो यह सूर्या की कंगुवा के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी। वेट्टैयन का निर्देशन जय भीम फेम फिल्म निर्माता टीजे ज्ञानवेल ने किया है, जो रजनीकांत के साथ उनका पहला सहयोग है। फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है और इसमें अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है। वेट्टैयन कई दिग्गज सितारों से सजी फिल्म होगी, जिसमें विभिन्न उद्योगों के कलाकार शामिल होंगे। रजनीकांत और राणा दग्गुबाती के अलावा, वेट्टैयन में अभिनेता अमिताभ बच्चन, फहद फाजिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य शामिल हैं।



# स्त्री 2 के बाद कृष 4 में दिखेगा श्रद्धा कपूर का कमाल

श्रद्धा कपूर की हालिया रिलीज हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर रही है। फिल्म ने महज तीन दिनों में 144 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसी बीच अभिनेत्री के वर्कफ्रंट पर बड़ी जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो श्रद्धा अगली फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। इस खबर मात्र ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है। श्रद्धा कपूर एक तरफ फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं। वहीं दूसरी ओर, अच्छी खबर यह है कि वह अब बहुप्रतीक्षित ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म कृष 4 की मुख्य महिला का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टाइम्स नाउ की ताजा खबर के मुताबिक अब कहा जा रहा है कि, फिल्म कृष 4 के मेकर्स ने श्रद्धा कपूर से संपर्क किया है। हालांकि, किसी की ओर से कोई पुष्टि या कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

ऐसा लगता है कि रोशन परिवार के मन में हमेशा से फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रद्धा कपूर थीं। इसका अंदाजा उस रहस्यमय पोस्ट से लगाया जा सकता है जो कई हफ्ते पहले श्रद्धा कपूर ने पोस्ट किया था। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी एक शानदार सेल्फी शेयर की थी। हालांकि, सेल्फी के साथ लिखा गया कैप्शन खुश करने वाला था। श्रद्धा कपूर ने पोस्ट को कैप्शन दिया था, जादू जैसी धूप की जरूरत है। जिस पर उनके कई प्रशंसकों ने रिएक्ट किया था। लेकिन, एक जवाब जो वास्तव में सबसे अलग था, वह ऋतिक रोशन का था, जिन्होंने लिखा, वह आ रहे हैं। उन्हें बताएंगे। इस पर श्रद्धा ने जवाब देते हुए कहा, वास्तव में? कब क्या, कहां बताएं बताएं बताएं।

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, सिद्धार्थ आनंद कृष 4 का निर्देशन कर सकते हैं। ऋतिक रोशन और सिद्धार्थ आनंद पहले भी साथ में कई बार काम कर चुके हैं। दोनों ने बैंग बैंग, वॉर और फाइटर में काम किया था। इनमें से वॉर और फाइटर को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी कामयाब हुई थीं और करोड़ों रुपये छापे थे। फिल्म का पहला भाग कोई मिल गया साल 2003 में रिलीज हुआ था। इसमें ऋतिक और प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिका निभाई थीं। दूसरे भाग का नाम कृष रखा गया था, जिसे 2006 में रिलीज किया गया था। इसमें प्रीति जिंटा की जगह प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म का तीसरा भाग कृष 3 कई साल बाद 2013 में रिलीज हुआ था।



# अनन्या पांडे को दूसरी बार लॉन्च करने जा रहे करण जौहर

**चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे को बॉलीवुड में लॉन्च करने के बाद करण जौहर एक बार फिर से उन्हें लॉन्च करने जा रहे हैं। फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर इस बार अनन्या को ओटीटी पर लॉन्च करने जा रहे हैं। अनन्या जल्द ही वेब सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी पर अपना डेब्यू करने वाली है।**



अनन्या के ओटीटी डेब्यू का एलान बड़े ही खास अंदाज में किया गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें अनन्या पांडे और करण जौहर दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में अनन्या के लॉन्च को लेकर बातचीत चलती है, जिस पर अनन्या कहती हैं कि वो तो उन्हें पहले ही लॉन्च कर चुके हैं। इसके बाद करण अपनी फिल्म कुछ कुछ होता है के मशहूर डायलॉग को थोड़ा तोड़-मरोड़कर कहते हैं कि हम एक बार जीते हैं, एक बार मरते हैं, शादी भी एक बार होती है, लेकिन लॉन्च तो बार-बार हो सकता है। डार्लिंग वो बॉलीवुड लॉन्च था, ये ओटीटी लॉन्च है।

## इस रोल को निभाएंगी अनन्या पांडे

इस मजेदार वीडियो में करण आगे कहते हैं कि अनन्या प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी। इसके बाद अनन्या अपने किरदार के बारे में पूछती हैं। जवाब में करण कहते हैं कि वो कुछ नया और चुनौतीपूर्ण होगा। एक ऐसा रोल, जो तुमने जिंदगी में नहीं किया। वो अनन्या को बताते हैं कि उनका किरदार एक ऐसी अमीर लड़की का होगा, जो सब कुछ खो देती हैं और उसे मुंबई आकर हर चीज के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसके बाद सीरीज कॉल मी बे की एक छोटी सी झलक भी देखने को मिलती है।

कॉल मी बे का निर्देशन कोलिन डी'कुन्हा ने किया है और इसका निर्माण करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने मिलकर सीरीज की कहानी लिखी है। इसमें अनन्या पांडे, वीर दास, वरुण सूद, विहान समत, मिनी माथुर, गुरफतेह पीरजादा, निहारिका लारा दत्त, लिसा मिश्रा और मुस्कान जाफरी ने अभिनय किया है।

# बीना त्रिपाठी के रोल को पसंद करने पर दर्शकों की आभारी हैं रसिका

रसिका दुग्गल ने वेब सीरीज मिर्जापुर 3 में भी बीना त्रिपाठी के किरदार से खूब धमाल मचाया है। सीरीज में उनका किरदार बेहद अलग था। हालांकि, अब अभिनेत्री का कहना है कि वह फिल्मों और वेब सीरीज में रो-रोकर थक गई हैं। अभिनेत्री ने बताया कि जो भी स्क्रिप्ट ऑफर की जाती है, उसमें कम से कम दो सीन थे, जिनमें वह रो रही थीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में रसिका दुग्गल ने बताया कि अब एक जैसे किरदार निभाने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली है क्योंकि लेखक अब उनके लिए अलग-अलग स्क्रिप्ट लिख रहे हैं।



अभिनेत्री ने कहा कि एक समय था, जब वह एक स्क्रिप्ट को पीछे से पढ़ सकती थीं और आखिर के 10 मिनट में कम से कम दो रोने के सीन होते थे। वह मिर्जापुर के बाद से उनके लिए लिखे गए किरदारों में बदलाव के लिए आभारी हैं, जिसमें उन्हें एक घातक महिला के रूप में चित्रित किया गया था। रसिका अपने करियर में उछाल का श्रेय ओटीटी बूम को देती हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रीमिंग सेवाओं की वजह से ही उन्हें बहुत सारा काम मिलने लगा और उनका बहुत सारा काम दर्शकों तक पहुंचा। अभिनेत्री ने कहा, सही बताऊं तो स्ट्रीमिंग सेवाएं मेरे लिए जीवन का एक पहलू है क्योंकि ऐसी कई फिल्में थीं जो मैंने की थीं, लेकिन उन्हें उस तरह की रिलीज नहीं मिली जिसकी वे हकदार थीं। कई छोटी फिल्में थीं। हालांकि, बाद में मुझे बहुत काम मिला और मिर्जापुर जैसे शो के जरिए मुझे बड़े दर्शकों तक पहुंचने का मौका मिला। यह तब था जब मुझे लगा कि स्ट्रीमिंग सेवाएं छोटी फिल्मों के लिए दर्शक पाने का एक स्थान हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने आगे कहा कि इस बार ओटीटी पर छोटा और स्वतंत्र सिनेमा फिर से संघर्ष कर रहा है। दुर्भाग्य से ऐसा हो रहा है और छोटी फिल्में दर्शक ढूंढने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

# ऋषभ शेट्टी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बताई सच्चाई



70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में कन्नड़ इंडस्ट्री की ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा ने भी झंडे गाड़े हैं। इस फिल्म में अभिनय के लिए ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। साथ ही, फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ मनोरंजक फिल्म का भी राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद ऋषभ शेट्टी कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए नजर आए। पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में अभिनेता ने खुलासा किया कि कन्नड़ फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्म को उचित ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के लिए काफी ज्यादा संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ओटीटी निर्माताओं का समर्थन नहीं करते हैं। ऋषभ शेट्टी ने कहा कि कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के कई फिल्म निर्माताओं को एक अच्छा रिलीज प्लेटफॉर्म हासिल करने में काफी मुश्किलें उठानी पड़ती हैं। इसलिए वे (निर्माता) अपनी फिल्में यूट्यूब पर रिलीज करते हैं। अपनी बात रखते हुए अभिनेता ने कहा, हम त्यौहारों पर फिल्म का प्रीमियर करते हैं। पुरस्कार जीतते हैं, लेकिन हमें इसके लिए कोई मंच नहीं मिलता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म कन्नड़ कंटेंट नहीं खरीदते हैं, इसलिए हमें मजबूरन फिल्मों को यूट्यूब चैनलों पर डालना पड़ता है। इस बात ने मुझे काफी परेशान किया है। हमें ऐसी फिल्मों से कोई रिकवरी नहीं मिलती है। फिल्म कांतारा साल 2022 में रिलीज हुई थी। दक्षिण भारत के साथ फिल्म को उत्तर भारत के लोगों ने भी खूब पसंद किया था। लोककथा पर आधारित फिल्म ने टिकट खिड़की पर तगड़ी कमाई की थी। फिल्म में ऋषभ एक विद्रोही की भूमिका में थे जो प्रकृति के शोषण के खिलाफ आवाज उठाता है।



# अरशद वारसी को कल्कि में जोकर जैसे लगे प्रभास

**अरशद वारसी एक ऐसे एक्टर हैं जो अपनी बात रखने में जरा भी नहीं कतराते हैं और खुलकर सबके सामने सबकुछ बोल देते हैं। एक इंटरव्यू में, अरशद ने अपनी लाइफ, करियर और यहां तक कि हाल ही में देखी गई फिल्मों के बारे में बात की।**

एक्टर ने कल्कि 2898 एडी के बारे में बात की और अपना रिव्यू दिया कि उन्हें आखिर फिल्म कैसी लगी। फिल्म के बारे में बोलते हुए अरशद वारसी ने फिल्म के एक्टर्स में से एक अमिताभ बच्चन की तारीफ करते हुए शुरुआत की। उन्होंने कहा, मैंने कल्कि देखी, मुझे तो अच्छी नहीं लगी। मुझे बहुत तकलीफ होती है जब अमित जी दिमाग उड़ा देने वाली आवाज में बोल रहे थे। मैं उस आदमी को समझ नहीं पा रहा हूं। मैं कसम खाता हूं कि अगर उनकी ताकत हमें मिल जाए तो लाइफ बन जाए। वह कमाल हैं।

## अरशद वारसी को पसंद नहीं आए प्रभास

हालांकि, इसके बाद उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के फिल्म की आलोचना की और कहा, प्रभास, मैं वास्तव में दुखी हूं, वह क्यों था, वह एक जोकर की तरह लग रहा था। क्यों? मैं मैड मैक्स देखना चाहता हूं। मैं वहां मेल गिब्सन को देखना चाहता हूं। तुमने उसको क्या बना दिया यार। क्यू करते हो ऐसा मुझे नहीं समझ में आता।

## अरशद वारसी की अगली फिल्म

अपनी हालिया देखी गई फिल्मों के बारे में आगे बात करते हुए, अरशद ने श्रीकांत में राजकुमार राव की तारीफ की। उन्होंने मुंज्या और किल देखने में भी दिलचस्पी दिखाई। अरशद को आखिरी बार वेब सीरीज असुर और मॉडर्न लव मुंबई में देखा गया था। वह जॉली एलएलबी के तीसरे पार्ट में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे।

# सन ऑफ सरदार 2 से विजय राज बाहर

रन, देल्ही बेली और गली बॉय जैसी फिल्मों में नजर आए एक्टर विजय राज को अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से बाहर निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो विजय ने सेट पर मेकर्स के साथ दुर्व्यवहार किया। इसके अलावा मेकर्स उनकी बढ़ती डिमांड से भी परेशान थे। इस मामले पर फिल्म के को-प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने कहा, 'हां, यह सच है कि हमने विजय राज को सेट पर उनके खराब व्यवहार की वजह से फिल्म से हटा दिया है। उन्होंने बड़े कमरे और अजय देवगन जैसी वैनिटी वैन समेत कई और मांगें की थीं जिससे परेशान होकर हमने उन्हें फिल्म से बाहर का रास्ता दिखाया।' मंगत ने आगे कहा, 'हम विजय के स्पॉट बॉय को 20 हजार रुपए पर नाइट के हिसाब से दे रहे थे, जो किसी बड़े एक्टर को किए जाने वाले पेमेंट से कहीं ज्यादा है। यूके एक महंगी जगह है। फिर भी हमने शूटिंग के दौरान सभी को बढ़िया कमरे उपलब्ध करवाए हैं पर विजय तो हमसे प्रीमियम सुइट्स की मांग कर रहे थे। जब हमने उन्हें समझाने की कोशिश तो उन्होंने बड़े ही खराब तरीके से बात की। वो बोले कि आप लोगों ने मुझे अप्रोच किया, मैं कौन सा सामने से काम मांगने आया था। हमने उनकी सभी मांगों को पूरा करने की कोशिश की, लेकिन उनका व्यवहार खराब होता गया और उनकी मांगें भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही थीं। तमाम चर्चाओं के बाद हमने उन्हें फिल्म से हटाने का फैसला किया।

